Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar




हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ एवं उत्तराखंड में प्रसारित




आतंकवाद के खिलाफ और मजबूती से लड़ेंगे भारत....01

Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in

बच्चें शिक्षित व संवेदनशील होकर संवारे अपना भविष्य.....03

वर्षः 02 अंकः 210 | बदायूं, शनिवार 15 फरवरी 2025 | पृष्ठ- 08 | मूल्य- 4.00 रूपये

## ट्रंप-मोदी के बयान से तिलमिलाया पाकिस्तान

# आतंकबाद के खिलाफ और मजबूती से लडेंगे भारत-अमेरिका

**एजेंसी, दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे पर दुनिया भर की नजरें थी। वहीं पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के साझा प्रेसवार्ता में सीमा-पार आतंकवाद को लेकर भी बड़ी घोषणा की गई है। जिससे भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान तिलमिला गया है। दरअसल, पीएम मोदी और ट्रंप ने कहा, भारत और अमेरिका पहले से कहीं ज्यादा मजबूती से एक साथ काम करेंगे ताकि कट्टरपंथी इस्लामी आतंकवाद से निपटा जा सके। इस दौरान पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप ने अपने संयुक्त बयान में पाकिस्तान से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि उसकी भूमि



का इस्तेमाल सीमा पार आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए न किया जाए।

दोनों नेताओं की इस प्रतिक्रिया पर पाकिस्तान बौखला गया है, पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह भी कहा कि भारत-अमेरिका संयुक्त बयान में पाकिस्तान का उल्लेख एकतरफा, भ्रामक और कूटनीतिक मानदंडों के विपरीत है। मामले में पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने कहा कि पाकिस्तान अपने बलिदानों को स्वीकार किए बिना इस तरह की टिप्पणियों को शामिल करने से हैरान है।

इससे पहले दिन में, भारत ने एक बड़ी कूटनीतिक जीत हासिल की, जब ट्रंप ने 26-11 के आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को न्याय का सामना करने के लिए प्रत्यर्पित करने पर सहमति व्यक्त की, जो भारत की लंबे समय से मांग रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की तरफ से पीएम मोदी की मौजूदगी में इस निर्णय की घोषणा की थी। ट्रंप ने कहा, श्मेरे प्रशासन ने दुनिया के सबसे बुरे लोगों में से एक तहव्वुर राणा को भारत में न्याय का सामना करने के लिए प्रत्यर्पित करने को मंजूरी दे दी है।

पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक राणा को लॉस एंजिल्स में एक हिरासत केंद्र में रखा गया है। वहीं राणा के प्रत्यर्पण के लिए ट्रंप को धन्यवाद देते हुए, पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि सीमा पार आतंकवाद को खत्म करने के लिए एकजुट कार्रवाई आवश्यक है। दोनों नेताओं के संयुक्त बयान में अल-कायदा, इस्लामिक स्टेट, जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी समूहों को सबसे बड़ा खतरा बताया गया। बता दें कि, राष्ट्रपति ट्रंप ने पहले ही झटका देते हुए पाकिस्तान में परियोजनाओं के लिए 845 मिलियन अमेरिकी डॉलर की फंडिंग पहले ही निलंबित कर दी है।

# पीएम मोदी ने पुलवामा हमले में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

## गृह मंत्री अमित शाह ने भी किया नमन

**दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2019 के पुलवामा हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियां उनके बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनके अटूट समर्पण को कभी नहीं भूलेंगी। 2019 में आज के ही दिन आतंकियों ने पुलवामा में बड़े हमले को अंजाम दिया था, जिसमें देश के 40 जवान शहीद हो गए थे।



प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 2019 में पुलवामा में हमने जिन साहसी नायकों को खोया, उन्हें श्रद्धांजलि। आने वाली पीढ़ियां उनके बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनके अटूट समर्पण को कभी नहीं भूलेंगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी हमले में शहीद सीआरपीएफ के 40 जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार आतंकवादियों के समूल नाश के लिए कृतसंकल्पित है। सरकार ने आतंकवाद को 'कतई बर्दाश्त नहीं करने' की नीति अपनाई है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, श्मैं 2019 में आज के दिन पुलवामा में हुए कायराना आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

गृह मंत्री ने कहा कि आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन है और पूरा विश्व इसके खिलाफ एकजुट है। शाह ने कहा कि चाहे सर्जिकल स्ट्राइक हो या एयर स्ट्राइक मोदी सरकार आतंकवादियों के खिलाफ कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति के साथ उनके समूल नाश के लिए प्रतिबद्ध है। पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों को ले जा रही एक बस को निशाना बनाते हुए हमला किया था जिसमें 40 जवान शहीद हो गए थे। इसके कुछ दिनों बाद भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने पाकिस्तान के अंदर में आतंकी प्रशिक्षण शिविरों पर बमबारी कर बदला लिया था।

## एक नजर

### 119 भारतीयों को लेकर अमेरिका से अमृतसर आएगा विमान

**दिल्ली।** अमेरिका (यूएस) में अवैध तरीके से गए भारतीयों को लेकर एक और विमान आ रहा है। इस बार पहली बार के मुकाबले ज्यादा लोग यूएस से डिपोर्ट होकर लौट रहे हैं। एक दिन बाद 15 जनवरी (शनिवार) को 119 भारतीयों को लेकर अमेरिकन आर्मी का जहाज आ रहा है। इस बार भी पंजाब के अमृतसर एयरपोर्ट पर 119 लोगों को लेकर अमेरिकी जहाज उतरेगा। हालांकि, इस पर भी सबकी नजरें इस डिपोर्शन पर होंगी। इस बार के डिपोर्ट में भी एक सवाल लोगों की जुबान पर रहेगा कि क्या डिपोर्ट किए गए लोग दोबारा हथकड़ी और बेड़ियों में नजर आएंगे। सूत्रों के हवाले से बड़ी खबर, 15 और 16 फरवरी को अमृतसर के एयरपोर्ट पर दो जहाज लैंड होंगे। 15 जनवरी की रात को 10 बजे जो फ्लाइट अमेरिका से आएगी। उसमें 119 भारतीय सवार होंगे। इस फ्लाइट में सबसे ज्यादा 67 लोग पंजाब से रहेंगे। उधर, दूसरी फ्लाइट में 33 लोग हरियाणा, 8 गुजरात, 3 उत्तर प्रदेश आदि के लोग है।

# सीएम योगी बोले- महाकुंभ के आयोजन से यूपी की अर्थव्यवस्था को तीन लाख करोड़ का होगा लाभ

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के ऐतिहासिक आयोजन को उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक और आर्थिक समृद्धि का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ 2025 में अब तक 50 करोड़ श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं, जो उत्तर प्रदेश की शक्ति और व्यवस्थागत कुशलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आज महाकुम्भ में लोगों की सैंकड़ों वर्षों से दबी हुई भावनाओं को सम्मान मिल रहा है। इस आयोजन से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तीन लाख करोड़ का फायदा होगा। उन्होंने कहा कि महाकुंभ का आयोजन



स्थल रक्षा मंत्रालय की भूमि पर होता है और पिछले आठ वर्षों से उत्तर प्रदेश सरकार को यह भूमि लीज पर सहजता से प्राप्त हो रही है। इस बार पहली बार श्रद्धालु अक्षयवट, पातालपुरी और सरस्वती कूप के दर्शन कर पा रहे हैं, जिन्हें ऐतिहासिक रूप से सीमित पहुंच में रखा गया था।

मुख्यमंत्री योगी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ लखनऊ में 4 लेन के दो प्रमुख फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। इनमें 270 करोड़ रुपये की लागत से बना इंदिरा नगर सेक्टर 25 से खुर्रमनगर-कल्याणपुर फ्लाईओवर (3 किमी) और 170 करोड़ रुपये की लागत से बना पॉलिटेक्निक से मुंशी पुलिया चौराहा फ्लाईओवर (2 किमी) शामिल है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कुल 588 करोड़ रुपये की 114 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार द्वारा लखनऊ को न केवल एयरो सिटी बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी के रूप में भी विकसित किया जा रहा है। जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त हो रहा है।

## रक्षामंत्री राजनाथ ने योगी-गड़करी का कराया विशेष सम्मान, बजाई तालियां

**लखनऊ।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ में और यूपी में जो भी विकास हो पाया है उसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का ही योगदान है। यही कारण है कि आज लखनऊ सहित पूरे प्रदेश का तेजी से विकास हो रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट लग रहे हैं। रक्षामंत्री ने उनके योगदान के लिए वहां पर मौजूद नेता और कार्यकर्ताओं से खड़े होकर एक मिनट तक तालियां बजाने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने सड़क परिवहन मंत्री द्वारा लखनऊ के लिए स्वीकृत किए गए प्रोजेक्ट का उल्लेख किया। इसके पहले कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुंभ 13 जनवरी को प्रारंभ हुआ था। आज एक महीने बाद महाकुंभ में अब तक 50 करोड़ लोगों ने डुबकी लगाकर एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश दिया है। यह नया उत्तर प्रदेश है जो कि इंफ्रास्ट्रक्चर और महाकुंभ के जरिये विकास का संदेश दे रहा है।

# काशी दौरे पर पहुंचे सपा प्रमुख अखिलेश यादव, महाकुंभ में भगदड़ पर उठाये सवाल

## बोले-पीएम मोदी अमेरिका गये है

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शुक्रवार को वाराणसी दौरे पर पहुंचे। लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महाकुंभ की तैयारी को देश- दुनिया को दिखाना चाहती है, लेकिन वह यह नहीं बताना चाहती कि कुंभ में जो भगदड़ हुई थी उसमें वास्तविक रूप से कितने लोगों की मृत्यु हुई थी और भगदड़ का कारण क्या था।




उन्होंने कहा कि कुंभ में 100 करोड़ रुपये से ज्यादा का खर्च करने की बात कही जा रही है, लेकिन कुंभ में पैसा कहां गया और उसकी तैयारी क्या की गई यह बताने की जरूरत नहीं समझी जा रही है। सपा मुखिया ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका गए हैं, यह काफी अच्छी बात है, लेकिन इससे अच्छी बात तब होगी जब अमेरिका का व्यापार भारत में आएगा। अमेरिका के हाथों में हमारा बाजार ना चला जाए, इसको भी देखना पड़ेगा। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि आपके पैसे की कीमत नहीं बची हुई है। डॉलर के मुकाबले रुपये का ग्राफ लगातार नीचे गिरता जा रहा है।

## बृजवासियों को दानव बताए जाने धीरेंद्र शास्त्री का विरोध तेज

**मथुरा।** प्रेमानंद महाराज की पद यात्रा में शामिल बैंड बाजों की ध्वनि व ज्वलनशील पटाखों का विरोध कर रहे कॉलौनी वासियों को बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा दानव बताए जाने का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रेमानंद महाराज का सहारा लेकर किया बृजवासियों को अपमानित

# राहुल बोले- देश में सवाल पूछो तो चुप्पी, विदेश में पूछो तो निजी मामला!

**दिल्ली।** अमेरिका में अदाणी समूह को लेकर पूछे गए सवाल को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जवाब पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि देश में सवाल पूछो तो चुप्पी, विदेश में पूछो तो निजी मामला! अमेरिका में भी पीएम मोदी ने अदाणी के भ्रष्टाचार पर पर्दा डाल दिया! जब मित्र का जेब भरना पीएम मोदी के लिए राष्ट्र निर्माण है, तब रिश्वतखोरी और देश की संपत्ति को लूटना व्यक्तिगत मामला बन जाता है।



इससे पहले पीएम मोदी से अमेरिका में अदाणी समूह को लेकर जारी विवाद को लेकर भी सवाल किया गया। श्क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बैठक में कारोबारी गौतम अदाणी के खिलाफ मामले पर चर्चा हुई? पूछे जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, भारत एक लोकतांत्रिक देश है और हमारी संस्कृति सुधैव कुटुम्बकमश की है, हम पूरी दुनिया को एक परिवार मानते हैं। हर भारतीय को मैं अपना मानता हूं। ऐसे व्यक्तिगत मामलों के लिए दो देशों के मुखिया न मिलते है न बैठते हैं न बात करते हैं।

दरअसल, अदाणी समूह की कंपनियों से जुड़ा एक विवाद अमेरिका में सामने आया था। अमेरिकी अभियोजकों ने अरबपति गौतम अदाणी और उनकी कंपनियों से जुड़े लोगों पर सौर ऊर्जा अनुबंध के लिए अनुकूल शर्तों के बदले भारतीय अधिकारियों को 25 करोड़ डॉलर (करीब 21 अरब रुपये) रिश्वत देने का आरोप लगाया था। अमेरिकी अभियोजकों ने 62 वर्षीय अदाणी, उनके भतीजे सागर और अन्य प्रतिवादियों पर 2020 से 2024 के बीच भारतीय सरकारी अधिकारियों को 25 करोड़ डॉलर से अधिक की रिश्वत देने का आरोप लगाया था। दावा है कि यह राशि सौर ऊर्जा अनुबंध हासिल करने के लिए दी गई थी। इससे संभावित रूप से समूह को 2 अरब डॉलर (डेढ़ खरब रुपये) से अधिक का लाभ हो सकता है।

इसके बाद से ही भारत में कांग्रेस समेत कई राजनीतिक दलों ने मामले को लेकर भारी हंगामा किया था। इसे लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा था। मामले में आरोप है कि यह बात अमेरिकी बैंकों और निवेशकों से छिपाई गई।

## अगले हफ्ते नए मुख्य चुनाव आयेक्त की घोषणा संभव!

**दिल्ली।** अगले मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) के नाम को अंतिम रूप देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली एक चयन समिति अगले सप्ताह की शुरुआत में बैठक कर सकती है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

समिति में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री शामिल होंगे। मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की 18 फरवरी को सेवानिवृत्ति से पहले समिति की बैठक रविवार या सोमवार को हो सकती है। यह खोज समिति एक नाम की सिफारिश करेगी। इसके बाद राष्ट्रपति सिफारिश के आधार पर अगले सीईसी की नियुक्ति करेंगी।

राजीव कुमार के बाद ज्ञानेश कुमार सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त हैं। उनका कार्यकाल 25 जनवरी, 2029 तक है। सुखबीर सिंह संधू दूसरे चुनाव आयुक्त हैं। अब तक सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त को ही मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में पदोन्नत किया जाता था। हालांकि, पिछले साल मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त की नियुक्तियों पर एक नया कानून लागू हुआ। इसके तहत एक खोज समिति ने इन पदों पर नियुक्ति के लिए।


अमर भास्कर

अमर भास्कर राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र

आवश्यकता है-

अमर भास्कर

(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र एवं न्यूज चैनल)

को पूरे देश में प्रदेश स्तर, मण्डल स्तर जिला स्तर, तहसील स्तर, ब्लॉक एवं थाना स्तर पर अनुभवी एवं शिक्षित संवाददाता एवं विज्ञापन प्रभारियों की।

संपर्क करें:-

मोबा. 9411214614, 9058143211, 7599339198

ऑफिस:-

निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक, बदायूँ (उ.प्र.)- 243601

www.amarbhashkar.com

Email- amarbhashkar21@gmail.com

# अस्पताल में इलाज के लिए पंहुचा मनु हाथी

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**आगरा।** अपने भीख मांगने वाले हाथी अभियान को शुरू करने के कुछ दिन बाद ही वाइल्डलाइफ एसओएस इसे जारी रखते हुए मनु नाम के 58 वर्षीय भीख मांगने वाले हाथी का इलाज कर रहा है। मनु उत्तर प्रदेश के एक दूरदराज इलाके में गिरा हुआ पाया गया था, नर हाथी गंभीर रूप से कमजोर, निर्जलीकरण, दर्दनाक सूजन और पुराने सेप्टिक घावों से पीड़ित है।

दशकों की पीड़ा के कारण, ठीक न हुए फ्रैक्चर और पूर्ण रूप से नेत्रहीन मनु के लिए जीवित रहना और भी कठिन हो गया था। वाइल्ड लाइफ एसओएस टीम ने मनु को बचाया और उच्च गुणवत्ता वाले उपचार और देखभाल प्रदान करने के लिए उसे मथुरा स्थित अपने हाथी अस्पताल में लाने के लिए 7०० किमी की यात्रा की। उत्तर प्रदेश के मऊ के प्रभागीय वन अधिकारी से संकटपूर्ण कॉल प्राप्त होने पर, संदेश प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक को सूचित किया गया।

स्थिति की तात्कालिकता को समझते हुए, वाइल्ड लाइफ एसओएस ने तुरंत अपनी टीम को वहाँ के लिए रवाना किया। संस्था के पशु चिकित्सकों ने मनु की स्थिति को स्थिर करने के लिए प्ट तरल पदार्थ, मल्टी-विटामिन और दर्द प्रबंधन दवा दी।

उसकी चोटों का आकलन करने के लिए लेजर थेरेपी, आयुर्वेदिक उपचार के साथ गर्म सिंकाई और थर्मल इमेजिंग की गई, जिससे उसके अगले पैर की कलाई के जोड़, कोहनी क्षेत्र और दाहिने पिछले पैर में सूजन का पता चला। लंबे समय तक लेटे रहने के कारण उसके शरीर पर



दर्दनाक घाव भी हो गए थे, जिससे उसकी नाजुक स्थिति और भी खराब हो गई थी। कठिन प्रयास के बाद, मनु एक क्रेन के सहारे खड़े होने में कामयाब रहा, जो उसकी रिकवरी में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर था। उसके आराम और सुरक्षा को सुनिश्चित करने और चोटों को बढ़ने से रोकने के लिए उसके चारों ओर आराम के लिए पुआल के साथ मिट्टी के बिस्तर बनाए गए। यह सब इलाज और आरामदायक तकनीक अपनाने के बाद उसकी भूख और जल के स्तर में सुधार हुआ, और रक्त संचारण में सहायता मिली एवं संक्रमण को रोकने के लिए उसे ताजा पानी का स्नान भी कराया गया। साइट पर ही पर्याप्त उपचार प्रदान करना संभव नहीं था, जिसके लिए राज्य के मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक की अनुमति मिलने के पश्चयात, मनु को मथुरा में वाइल्डलाइफ एसओएस के हाथी अस्पताल परिसर में स्थानांतरित कर दिया गया। उत्तर प्रदेश वन विभाग की तत्काल कार्रवाई मनु को महत्वपूर्ण देखभाल प्राप्त करने को सुनिश्चित करने में सराहनीय रही।

लगभग 2० घंटे की यात्रा के बाद, मनु वाइल्डलाइफ एसओएस हाथी अस्पताल पंहुचा जहां उसने अपने नए बाड़े में कदम रखा और शांतिपूर्ण आराम का आनंद लिया। अगली सुबह फलों की दावत उसका इंतजार कर रही थी, जो वाइल्डलाइफएसओएस में विशेषज्ञ देखभाल के तहत उसके उपचार की शुरुआत का प्रतीक है। वाइल्ड लाइफ एसओएस के सह-संस्थापक और सीईओ, कार्तिक सत्यनारायण ने कहा कि मनु की हालत पूरे भारत में हाथियों द्वारा सहन की जाने वाली लापरवाही और पीड़ा के चक्र को समाप्त करने की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। 2०3० तक ऐसे 3०० हाथियों को बचाने के हमारे अभियान के माध्यम से, हमारा लक्ष्य उन्हें वह देखभाल और सम्मान प्रदान करना है जिसके वे हकदार हैं, ताकि उनका शोषण से मुक्त भविष्य सुनिश्चित हो सके।

वाइल्डलाइफ एसओएस की सह-संस्थापक और सचिव, गीता शेषमणि ने कहा कि भारत में भीख मांगने वाले हाथियों की हृदय विदारक दुर्दशा पीड़ा और उपेक्षा का प्रतीक है। मनु को बचाना इस क्रूरता को समाप्त करने और इन सौम्य दिग्गज हाथियों की गरिमा बहाल करने के लिए हस्तक्षेप और व्यापक जन जागरूकता की तत्काल आवश्यकता का एक शक्तिशाली उदाहरण है।

## अधिकारी पूर्ण मनोयोग से लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें: डीएम



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में सीएम डैश बोर्ड पर प्रदर्शित होने वाली विकास योजनाओं के सबंध में माह जनवरी की रैंकिंग के आधार पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है ऐसे में सभी अधिकारी अपने लक्ष्यों की पूर्ति के लिए पूरे मनोयोग से कार्य करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग की समीक्षा में खराब ट्रांसफार्मर्स की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि आगामी माह से विद्युत आपूर्ति की मांग बढ़ जाएगी ऐसे में अभी से गर्मी के मौसम के दृष्टिगत तैयारी आरम्भ कर दें, जर्जर विद्युत लाइन और पोल को प्रतिस्थापित कराया जाए। डीएम ने पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना और पीएम कुसुम योजना की समीक्षा में लक्ष्य के सापेक्ष कार्यों में प्रगति लाते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति करने के निर्देश दिए।

# धूमधाम से मनाया प्रकृति प्रेम दिवस

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** जन आधार कल्याण समिति एवं चर्चित फाउंडेशन द्वारा विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संगठनों से समन्वय स्थापित करते हुए जनपद में पर्यावरण संबन्धित विभिन्न गतिविधियों के साथ प्रकृति प्रेम दिवस मनाया गया।

जिसमें, रसूलपुर शहीद चौक स्थित एस एम जी पब्लिक स्कूल की नन्हीं परियों ने पौध रोपण करते हुए मानव श्रृंखला बनाई और सभी ने एकजुट होकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान शिक्षिका व समाज सेविका जया शर्मा ने बेटियों का मनोबल बढ़ाते हुए उनसे पौध रोपण करवाया और पर्यावरण हित में कार्य कर रहे उत्कर्ष पाठक का उत्साह वर्धन किया। दबरई स्थित सिविल लाइन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.ब्रजमोहन सिंह, जिला कम्यूनिटी



अधिकारी ग्रामीण रवि कुमार, महिला कल्याण विभाग से अंजुली वर्मा, एसआरजी जया शर्मा व अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं, पत्रकारों और प्रबुद्ध जनों ने पेड़ों पर लाल रंग का फीता बांधते हुए जनमानस से अपने प्यार को प्रकृति से जोड़ने तथा पर्यावरण को बचाने की अपील की।

बताते चलें कि, तत्कालीन उपनिदेशक आगरा मण्डल आगरा एवं रेडटेप मूवमेंट के संस्थापक प्रभात मिश्र की प्रेरणा से ०8 जुलाई 2०21 को वन विभाग, एआरटीओ विभाग, जिला क्षयरोग केंद्र, नगर निगम की टीम एवं सेवा पथ जन कल्याण समिति सहित क्षेत्रीय पार्षद और नागरिकों के सहयोग से जनआधार कल्याण समिति ने उत्तर प्रदेश के जनपद फिरोजाबाद में टीबी मुक्त भारत अभियान के दौरान उस जगह को चिन्हित करते हुए जहां, हरियाली का कहीं भी नामोनिशान नहीं था। वहां, वृक्षारोपण कर मिट्टी वाली प्लेन भूमि को हरा भरा खूबसूरत पार्क का रूप दिया।

## फ्री यात्रा करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**आगरा।** पुलिस महानिदेशक रेलवे लखनऊ उप्र के आदेशानुसार श पुलिस महानिरीक्षक रेलवे प्रयागराज लखनऊ के पर्यवेक्षण में श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक रेलवे लखनऊ के पर्यवेक्षण एवं पुलिस अधीक्षक रेलवे महोदय जीआरपी अनुभाग-आगरा के कुशल निर्देशन में चलती ट्रेनो एवं रेलवे स्टेशनों पर आपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे सघन चेंकिग अभियान के अनुक्रम में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे आगरा इटावा एवं प्रभारी निरीक्षक के निर्देशन में डियूटीरत अधिकारी ,कर्मचारीगण द्वारा चौकिंग के दौरान ट्रेन सं० 125०6 नार्थ ईस्ट से एक्स की पैन्ट्री कार से ट्रेन सं० 125०6 नार्थ ईस्ट एक्स से ०1 नफर संदिग्ध आरोपी बृजेश कुमार पुत्र सुरेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम मुसही चरका टोला पोस्ट सहिजन कला थाना का है।

# बोर्ड परीक्षा में लगाये गये सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में जिला पंचायत रिसोर्स सेन्टर में हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराये जाने हेतु एक आवश्यक बैठक आयोजित की गयी, मुख्य विकास अधिकारी ने माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र द्वारा आयोजित कराई जा रही हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराये जाने हेतु तैनात किये केन्द्र व्यवस्थापकों एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को कड़े निर्देश दियें है कि वह प्रतिदिन बोर्ड परीक्षा प्रारम्भ होने से एक घण्टे पूर्व परीक्षा केंद्रों पर पहुंचेगे और सारी व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अपनी पूरी देख-रेख में प्रश्नपत्र के लिफाफे खुलवायेंगे और इस आशय के अपने हस्ताक्षर भी करेंगे। उन्होने यह भी



निर्देश दियें है कि पूरे परीक्षा समय में तैनात रहकर उत्तर पुस्तिका सील कराने तक परीक्षा केंद्र पर ही मौजूद रहेंगे तत्पश्चात् अपनी उपस्थिति कंट्रॉल रूम में दर्ज करायेंगे।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर नकल विहीन परीक्षा पारदर्शितापूर्ण ढंग से कराये जाने एवं उसकी वेबकास्टिंग द्वारा मानिटरिंग किये जाने के उद्देश्य से कम्प्यूटर प्रणाली जिसमें वॉयस रिकार्डर युक्त सीसीटीवी कैमरा, मॉनीटर, डीवीआर, राऊटर डिवाइस, एवं हाईस्पीड ब्राडबैण्ड कनेक्शन लगे होने की अनिवार्यता के दृष्टिगत इन्हें सम्पूर्ण परीक्षा अवधि में कियाशील रखना केन्द्र व्यवस्थापक की जिम्मेदारी होगी, उन्होने कहा कि इस कम्प्यूटर प्रणाली में जानबूझ कर विचलन या छेड़छाड़ को अनुचित साधन प्रयोग मानते हुए कार्यवाही की जाये, किसी प्राकृतिक आपदा व आकस्मिकता की स्थिति में इन उपकरणों के बन्द होने की दशा में केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को तत्काल सूचित किया जाएगा, साथ ही इन्हें पुन: क्रियाशील करने की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करनी होगी।

साथ ही उन्होने यह भी कहा कि परीक्षा अवधि में परीक्षा केन्द्र परिसर में परिक्षार्थियों, कक्ष निरीक्षकों एवं परीक्षा में लगे अन्य कर्मचारियों द्वारा मोबाइल फोन अथवा इलैक्टॉनिक उपकरणों को एक सुरक्षित बॉक्स में रखवाया जाए, उन्होने कहा कि परीक्षा केन्द्र के अन्दर कोई भी परीक्षार्थी नकल सामग्री, मोबाइल फोन, कैलकुलेटर अथवा किसी भी प्रकार के इलैक्ट्रॉनिक डिवायस पूर्णत: प्रतिबन्धित रहेंगे। अपर जिलाधिकारी वि०रा० विशु राजा ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं में प्रत्येक परीक्षा कक्ष में दो कक्ष निरीक्षक नियुक्त होंगे।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**आगरा।** समस्त पेट्रोल पम्पों पर नो हेलमेट नो फ्यूल नीति को प्रभावी रूप से लागू करने के दिए निर्देश। हेलमेट, सीटबेल्ट, मोबाइल फोनध्इयर फोन का प्रयोग, नशे में व गलत दिशा में वाहन चालन, ओवरस्पीड, स्टंटिंग के विरुद्ध वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलम्बन की कार्यवाही के दिये निर्देश।



आगरा. अपर जिलाधिकारी (नगर) अनूप कुमार की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जनपद में बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं एवं उसमें होने वाली मृतकों की संख्या में कमी लाये जाने हेतु जनपद के समस्त स्टेक होल्डर्स को आवश्यक व्यापक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये तथा समस्त पेट्रोल पम्पों पर नो हेलमेट नो फ्यूल नीति को प्रभावी रूप से लागू करने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिये गये। पुलिस विभाग एवं परिवहन विभाग को उक्त का पालन न करने वाले पेट्रोल पम्प पर जाकर प्रवर्तन कार्यवाही के निर्देश भी दिये गये।

बैठक में बताया गया कि जनपद के समस्त शासकीय एवं अर्द्ध-शासकीय कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी जो दोपहिया वाहन से कार्यालय आते हैं, वे हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनें और उनके साथ यात्रा करने वाले सहयात्री (पिलियन राइडर) के लिये भी हेलमेट पहनना आवश्यक हो। इसी प्रकार, जो अधिकारीध्कर्मचारी चारपहिया वाहन से कार्यालय आते हैं, वे वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें एवं अन्य सभी सह यात्रियों के लिये सीट बेल्ट पहनना अनिवार्य हो। कार्यालयों के प्रवेश द्वार पर सुरक्षाकर्मी द्वारा हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनुपालन की जाँच करने पर यदि उक्त निर्देशों का उल्लंघन पाया जाता है तो कार्यालय में प्रवेश पर रोक लगायी जायेगी। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालें अधिकारियों, कर्मचारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही पर विचार किया जायेगा।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (नगर) द्वारा हेलमेट, सीटबेल्ट, मोबाइल फोनध्इयर फोन का प्रयोग, नशे में व गलत दिशा में वाहन चालन, ओवरस्पीड, स्टंटिंग के विरुद्ध परिवहन तथा पुलिस विभाग द्वारा चालान की कार्यवाही करते हुए वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलम्बन की कार्यवाही बढ़ाये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही चिकित्सा विभाग को गुड सेमेरिटन का व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं शिक्षा विभाग द्वारा बैठक में प्रतिभाग न करने पर जिला विद्यालय निरीक्षक आगरा को चेतावनी निर्गत किये जाने के निर्देश दिये गये।

उक्त अवसर पर परिवहन विभाग से आलोक कुमार, एआरटीओ (ई) आगरा, शिव कुमार मिश्र, अमित वर्मा व शारदा कुमार मिश्र, पीटीओ, आगरा, लोक निर्माण विभाग से जी०के० वार्ष्णेय व आर०एस० वर्मा, अधिशासी अभियंता, पीडब्ल्यूडी, आगरा, पुलिस विभाग से संजीव कुमार गौतम, यातायात निरीक्षक कृष्ण कुमार, उपनिरीक्षक यातायात, आगरा, चिकित्सा विभाग से डा० एसके राहुल, डिप्टी सी०एम०ओ व डा० अजय यादव, आगरा, श्री सौरभ अग्रवाल आदि थे।

# ग्रामीण विकास के सच्चे पैरोकार थे चौधरी चरन सिंह: योगेश नौहवार

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**बाजना।** पूर्व प्रधानमंत्री व किसान मसीहा चौधरी चरन सिंह की आत्मा गावों में बसती है। चौ. चरन सिंह गांव की आर्थिक प्रगति और गरीब किसानों व ग्रामीण विकास के सच्चे पैरोकार थे। यह बातें शुक्रवार को गांव चांदपुर खुर्द में आयोजित सम्मान समारोह में एमएलसी योगेश नौहवार ने कही।



उन्होंने कहा कि आज एनडीए सरकार भी किसान मसीहा चौ. चरन सिंह की विचारधारा के साथ आगे बढ़ रही है। मोदी-योगी सरकार आज गांव-देहात में भी लोगों को उनके घरों का मालिकाना हक दिलाने का काम कर रही है। जिससे ग्रामीण विकास को गति मिल रही है। इससे पहले एमएलसी योगेश नौहवार ने गांव चांदपुर खुर्द में करीब 18 लाख से बनी इंटरलॉकिंग सड़क का लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इन्द्रपाल सिंह व संचालन महावीर सिंह ने किया। कार्यक्रम के आयोजक प्रमोद पहलवान ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मास्टर रोशन सिंह, जयपाल प्रधान, घूरेलाल नेता, ओमबीर नौहवार ने भी विचार रखे। इस दौरान रालोद नेता जगवीर नौहवार, अतेन्द्र सिंह, सत्यपाल प्रधान, रविन्द्र प्रधान, रामसिंह सरपंच, लाला पहलवान, पिंटू पहलवान, रोहताश नौहवार, ज्ञानेन्द्र चौधरी, गुलजारी सरपंच, कालीचरन चौधरी आदि मौजूद रहे।

# वृहद शिक्षक सम्मेलन का हुआ आयोजन

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा अलीगढ़ द्वारा एक बृहद शिक्षक सम्मेलन का आयोजन अलीगढ़ प्रदर्शनी के कृष्णांजलि सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक एवं अनुचर उपस्थित थे।




पूरे सभागार में बैठने तक जगह नहीं बची कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह ने कहा शिक्षक समाज की धुरी होता है हमेशा बच्चों को पढ़ाकर देश का भविष्य निर्धारित करता है अति विशिष्ट अतिथि माननीय एम व एल व सी व मानवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षकों की प्रत्येक समस्या को लेकर मैं हमेशा तत्पर रहा हूं आगे जो भी समस्या मेरे सामने आएगी हमेशा उसका समाधान कराऊंगा तथा शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण केलिए 24 घंटे तैयार हूं।

जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने पुरानी पेंशन की बहाली, शिक्षकों को कैशलैस चिकित्सा, गैर शैक्षणिक कार्यों जैसे 21 बिंदुओं का मांग पत्र जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा तथा शिक्षकों के मान सम्मान से न तो समझौता किया है और न करेंगे कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व शिक्षक एम एल सी जगवीरकिशोर जैन ने कहा कि हमने जो भी प्राप्त किया है संघर्षों के बल पर प्राप्त किया है पुरानी पेंशन की लड़ाई निरंतर जारी रहेगी। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री राजेंद्र सिंह अत्री ने किया। पूर्व औटा डॉ रक्षपाल सिंह ने कहा कि शिक्षा में सुधार होना चाहिए शिक्षकों पर अनावश्यक कार्यवाही नहीं होनी चाहिए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा मांग पत्र की कई समस्याओं जैसे ,चयन वेतनमान, दिव्यांग भत्ता आदि पर चर्चा हुई।

## आकाश के हासिल किए सर्वोच्च अंक

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेईई मेन्स 2०25 सत्र -1 में आकाश इंस्टीट्यूट के 15 छात्रों ने 98-23 पर्सेंटाइल और उससे अधिक अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। आकाश एजूकेशनल सर्विसेज के रीजनल डायरेक्टर डीके मिश्रा ने बताया कि सक्षम गुप्ता 99.84, सक्षम दीक्षित 99.8०, उज्जवल नागर 99.73, प्रज्जवल महाजन 99.34, अरिन कुमार सिंह 99.33, गौरव वर्मा 99.25, पर्सेंटाइल सहित 15 छात्रों ने अपनी सफलता का परचम लहराया है। यह छात्रों की कठिन मेहनत और समर्पण के साथ-साथ आकाश की गुणवत्तापूर्ण कोचिंग का नतीजा है कि ऐसे परिणामों को संभव बनाया है।

# डीएम ने की सड़क परियोजनाओं की समीक्षा

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलैक्ट्रेट सभागार में ०1 करोड़ से अधिक लागत की भवन, सेतु एवं सड़क निर्माण की पूर्ण-अपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आहुत की गई। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य मानक के अनुरूप और गुणवत्ता और समयबद्धता से पूर्ण कराए जाएं।

उन्होंने कहा कि जिन निर्माण कार्यों में धन की आवश्यकता है तो वहां शासन में पैरवी पर धनावंटन कराया जाए। बैठक में डीडीयू चिकित्सालय में 1०० शैय्या क्रिटिकल केयर ब्लॉक निर्माण में 35 प्रतिशत भौतिक प्रगति पाए जाने पर डीएम ने नाराजगी प्रकट करते हुए



कहा कि सितम्बर 2०25 तक निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाना है, ऐसे में अतिरिक्त कार्मिक लगाते हुए समय से कार्य पूर्ण कराया जाए।

विधि विज्ञान प्रयोगशाला एवं नगर पंचायत मडराक में कल्याण मण्डप का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है, डीएम ने जल्द से जल्द हैण्डेडओवर-टेकेनओवर की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए। बारहद्वारी पर निर्माणाधीन मल्टीलेवल कार पार्किंग विद कॉमशियल कॉपलेक्स के अवशेष कार्य को नगर-निगम एवं स्मार्ट सिटी के साथ समन्वय करते हुए जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

सी एण्ड डीएस द्वारा महेन्द्र नगर, आगरा रोड, मैरिस रोड, सुरेन्द्र नगर एवं छर्रा अड्डा क्षेत्रों में कराए जा रहे जल निकासी के कार्यों को अनिवार्य रूप से 28 जून से पूर्व पूर्ण कराने के निर्देश दिए। नगर सृजन योजनान्तर्गत सारसौल में बन रहे कल्याण मण्डप की 38 प्रतिशत भौतिक प्रगति पाई गई, जिस पर डीएम ने कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। तालानगरी में अग्निशमन केंद्र एवं अनावासीय भवन निर्माण कार्य को मानक के अनुरूप समयबद्धता से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

सांकरा गंगा घाट पहुँच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्यों की धीमी प्रगति पर डीएम ने नाराजगी प्रकट करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। क्वार्सी चौराहे पर निर्माणाधीन ०4 लेन फ्लाई ओवर निर्माण कार्य में सर्विस रोड बनाए जाने के उपरांत सेतु निर्माण के कार्य की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने जल निगम द्वारा कराए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा में पाया कि कोई भी परियोजना पूर्ण होने की स्थिति में नहीं है।

# पुलवामा हमले से जुड़े सवालों की सच्चाई से पर्दा उठना ही चाहिए



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह के प्राइवेट बस स्टैंड स्थित कैम्प कार्यालय पर पुलवामा हमले की छठी बरसीं पर कांग्रेसजनों ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। ओमकार सिंह ने जाबांज शहीदों को याद करते हुए कहा कि शहादत को देश कभी नहीं भूलेगा। पुलवामा हमले की छठी बरसीं पर जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह ने

भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला उन्होंने कहा बटालियन के जाने से पहले सड़क मार्ग सैनिटाइज क्यों नहीं किया गया? पुलवामा आतंकी हमले के बाद गवर्नर को नरेंद्र मोदी ने चुप रहने की धमकी क्यों दी? पुलवामा हमले से जुड़े इन सवालों की सच्चाई से पर्दा उठना ही चाहिए क्या इन सवालों का कोई जवाब है? बताइये मोदी जी ! उन्होंने कहा की पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हमारे वीर जवानों को शत-शत नमन और विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। भारत उनके सर्वोच्च बलिदान कभी नहीं भूलेगा, देश, वीर शहीदों और उनके परिवारजनों का हमेशा ऋणी रहेगा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जितेंद्र कश्यप ने कहा की पुलवामा के शहीदों को हम सभी नमन करते हैं और उनकी कुर्बानी को भुलाया नहीं जा सकता। यह अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष असरार अहमद ने कहा कि पुलवामा कांड का रहस्य कितने साल भी जाने के बाद भी उजागर नहीं हुआ इसमें लगता है कि कहीं ना कहीं चूक अवश्य होगी।

इस अवसर पर जिला उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के यूथ ब्रिगेड के उपाध्यक्ष शफी अहमद ने कहा पुलवामा आतंकी हमले में सर्वोच्च बलिदान देने वाले हमारे जांबाज सैनिकों को नमन एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि। श्रद्धांजलि सभा का संचालन जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव एक इगलास हुसैन ने किया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन धारण किया। श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य अशोक कश्यप, राम अवतार, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव वीरपाल सिंह यादव शिवराम सिंह यादव, नरेश पाल, शराफत बत जमीरउद्दीन, प्रेम कुमार, शाहिद मियां प्रवेश कुमार, आदि कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया तहसील सदर में राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने शुक्रवार को तहसील सदर बदायूं में राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने तीन वर्ष से अधिक पुराने वादों को चिन्हित कर प्राथमिकता पर निस्तारण कराने के लिए कहा। उन्होंने कॉज लिस्ट को प्रदर्शित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि गुण दोष के आधार पर ही वादों का निस्तारण कराया जाए। सरसरी तौर पर व गलत तरीके से खारिज न किया जाए।

जिलाधिकारी ने तहसील सदर के राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां नायब तहसीलदार जगत, बिनावर, कादरचौक व उझानी तथा तहसीलदार व तहसीलदार न्यायिक के न्यायालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने ०3 वर्ष से अधिक पुराने मामलों को प्राथमिकता पर निस्तारित करने के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि तामिला पर्याप्त रूप से कराया जाए। प्रत्येक दशा में कॉज लिस्ट को प्रदर्शित किया जाए। उन्होंने कहा कि वादों का निस्तारण गुण दोष के आधार पर दोनों पक्षों को सुनने के बाद किया जाए। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी सदर, उप जिलाधिकारी सदर न्यायिक सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### चैम्पियन खिलाड़ी कर सकते है आवेदन

**बदायूं।** खेलोंइण्डिया सेंटर बदायूं हेतु तीरंदाजी प्रशिक्षक/पूर्व चैम्पियन खिलाडी आवेदन करें सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) भारत सरकार एवं खेल निदेशालय उ०प्र० के समन्वय से एक जनपद ''एक जिला एक खेल योजना के अन्तर्गत जिला स्तर पर खेलों इण्डिया सेंटर स्थापित किया है इस योजना के अन्तर्गत जनपद बदायूं मेंतीरंदाजी खेल का सेंटर स्थापित किया गया है। खेलों इण्डिया सेंटर के संचालन हेतु तीरंदजी प्रशिक्षक की आवश्यकताहै, जोपूर्णत: अस्थाई पद है।

### उझानी की बेटी सेना में बनी लेफ्टिनेंट, परिवार मे खुशी का माहौल



**उझानी।** नगर निवासी स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय पं शिवदत्त रावत के परिवार की बेटी सत्यंम रावत ने नगर के साथ साथ जिले का नाम रोशन किया सेना में लेफ्टिनेंट बनी फिलहाल मे लेफ्टिनेंट बनकर जम्मू-कश्मीर में तैनात है जो देश सेवा लगी है। आपको बता दें नगर निवासी रिटायर्ड कैप्टन मुकेश रावत की बेटी है सत्यंम शुरू से ही मेधावी रही। मां रतन रावत ने बताया कि सत्यंम शुरू से फौज में जाने का सपना देखती थी। ओर उसने अपने सपने को साकार कर दिखाया बेटी सत्यंम की इस कामयाबी पर परिजनों मे खुशी की लहर दौड पडी है। चाचा प्रवीण शर्मा उर्फ नीटू शर्मा ने बताया कि भतीजी के लेफिटनेंट बनने पर उनके आवास पर शुभचिंतकों का तांता लगा वहीं बिटिया की इस कामयाबी पर माता-पिता को बधाई व शुभकामनाएं देने का सिलसिलसिला जारी है परिजनों ने बताया कल ही ट्रेनिंग पूरी करके सत्यंम की जम्मू में लेफ्टिनेंट के पद पर तैनाती हो गई है।

### बैंक ऑफ बडौदा की मिनी बेंक सेवा केन्द्र पहुंची फोरेंसिक टीम



**उझानी।** नगर मे बीती रात बैंक आफबड़ौदा की मिनी शाखा में हुई घटना के बाद शुक्रवार को दोपहर बाद उझानी कोतवाल सहित फोरेंसिक टीम चोरी के सबूत जुटाने मे लगी। लाखों रुपए की चोरी के बाद घंटाघर मार्केट स्थित बैंक आफ बड़ौदा की मिनी शाखा पर कोतवाल नीरज मलिक, फोरेंसिक टीम के संजय यादव के साथ पहुंचे। उन्होंने शाखा स्वामी मनोज गोयल से पुछताछ की इसके अलावा आसपास के दुकानदारों से भी पुछताछ की। फोरेंसिक टीम ने कई जगह से फिंगरप्रिंट नमूने लिए वही सीसीटीवी की डीवीआर को पुलिस अपने साथ ले गई

### आने वाली पीढ़ियां पुलवामा के नायकों का बलिदान नहीं भूलेंगी: विशाल

**बदायूं।** विश्व हिंदू परिषद की मातृ शक्ति संगठन द्वारा शहर के रानी लक्ष्मीबाई चौक पर पुलवामा पर हुए आतंकी हमले में शहीद जवानों के चित्र पर पुष्पांजलि और मोमबत्ती जलाकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। आरएसएस के विभाग प्रचारक विशाल ने कहा पुलवामा हमले की छठी बरसी पर वीर जवानों की शहादत को याद करते हुए कहा है कि शहीदों के राष्ट्र के प्रति समर्पण को कभी भी भूला नहीं जा सकता है। 2०19 में पुलवामा में हमने जिन साहसी नायकों को खो दिया, उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। आने वाली पीढ़ियां उनके बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनके अटूट समर्पण को कभी नहीं भूलेंगी। उन्होंने कहा छ: साल पहले आज के ही दिन पुलवामा में हुए कायराना आतंकी हमले में वीरगति को प्राप्त हुए जवानों को कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। आतंकवाद समूची मानव जाति का सबसे बड़ा दुश्मन है और इसके खिलाफ पूरी दुनिया संगठित हो चुकी है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद नीरज रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

# श्रेष्ठ संस्कारों से अंत:करण शुद्ध आचरण होता है पवित्र



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** उच्च प्राथमिक विद्यालय बिनावर में स्काउट गाइड को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

स्काउट संस्था के पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि श्रेष्ठ संस्कारों से अंत:करण शुद्ध, आचरण और भावनाएं पवित्र हो जाती हैं। उत्कृष्ट कार्यों से समाज में सम्मान मिलता है।प्रधानाध्यापिका तलत अंसारी ने कहा कि बच्चे परिश्रम करें, स्वाध्याय करें। महान लक्ष्य को पाएं। प्रीती माहेश्वरी के नेतृत्व में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह में स्काउट-गाइड शिविर में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। हिना अनवर ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अर्जुन यादव, विजय बहादुर आदि मौजूद रहे।

# शिविर के पांचवे दिन नशा मुक्ति दिवस का आयोजन



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** राजकीय महाविद्यालय आवास विकास बदायूं के राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वामी विवेकानंद इकाई के ग्राम नरऊ बुर्जुग में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन नशा मुक्ति दिवस का आयोजन कर विविध प्रकार के नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ सतीश सिंह यादव के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने नशामुक्ति अभियान चला कर जनजागरुकता रैली निकाली।

बौद्धिक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि जीएस कॉलेज उनौला के प्रबंध निदेशक विकास यादव ने कहा कि नशीले पदार्थों का सेवन युवा शक्ति के लिए अभिशाप है। मुख्य वक्ता एनएसएस के जिला नोडल अधिकारी डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने नशीले पदार्थों के सेवन के मनोवैज्ञानिक कारणों पर प्रकाश डाला। डॉ जायसवाल ने कहा कि दोस्त की शादी, होली पर्व और चुनावी विजय जुलूस आदि ऐसे अवसर आते हैं जिसमें उत्साही युवा को पहली बार नशा का सेवन करने का स्नेहिल आमंत्रण मिलता है और बाद में वह जीवन भर के लिए नशा के दलदल में फंस जाता है। विशिष्ट अतिथि डॉ संजय कुमार ने शराब के नशे को लीवर और किडनी के लिए घातक बताया। वहीं डॉ सरिता ने गुटखा तम्बाकू को मुख कैंसर के जिम्मेदार ठहराया। डॉ हुकुम सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

नुक्कड़ नाटक में अमन कुमार ने शराबी की भूमिका निभाई। नाटक प्रस्तुति में समीक्षा, रोशनी, दीक्षा गौसिया और रुचि की भूमिका सराहनीय थी। इस अवसर पर इस अवसर पर शिवांगी कड़ियों, हर्षित, सलोनी प्राची, अंकुश, उर्मिलेश, दिशा, आकाश कुमार, सुरभि भारती, अंश, हरिओम, अमित, अनन्या सक्सेना, ओमेंद्र सिंह, अस्मिता सागर, ज्योति, मुस्कान, सृष्टि भारती आदि उपस्थित थे।

# सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन पर ऑडिटोरियम में कार्यक्रम आयोजित



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जेएस (पी.जी.) कॉलेज बदायूँ मे स्वामी विवेकानंद व वीरांगना लक्ष्मी बाई दोनों इकाइयों का सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन दिवस का संयुक्त रूप से कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ. राकेश कुमार जायसवाल, राष्ट्रीय सेवा योजना नोडल अधिकारी बदायूं, कॉलेज प्रबंधक नरेंद्र कुमार यादव, कॉलेज डायरेक्टर विकास यादव, विशिष्ट अतिथि डॉ हुकुम सिंह, डॉ सरिता राजकीय कॉलेज बदायूं तथा कॉलेज प्राचार्य राहुल कुमार के द्वारा माँ शारदे व स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित तथा पुष्प अर्पित करके किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों तथा स्वयंसेविकाओं के द्वारा स्वच्छता, स्वास्थ्य, नशा मुक्ति जागरूकता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, डिजिटल भारत, साइबर क्राइम तथा नारी सशक्तिकरण पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्य अतिथि डॉक्टर राकेश कुमार जायसवाल ने कहा राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं में समाज सेवा की भावना पैदा करना है। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर हुकुम सिंह ने भी डिजिटल अरेस्ट और साइबर क्राइम के बारे में विस्तार स्वयं सेवकों तथा सेविकाओं को बताया। कार्यक्रम में पुलवामा हमले में शहीद हुए अमर शहीदों को आज ब्लैक डे पर मौन धारण कर श्रद्धांजलि भी दी गई। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी छविराम सिंह, कार्यक्रम सहयोगी उत्पल मिश्रा, रितु दीक्षित, सुधीर यादव तथा कॉलेज मीडिया प्रभारी सुनील कुमार भास्कर आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

# बीआरसी केन्द्र हजरतगंज पर ब्लॉक स्तरीय स्पेल बी प्रतियोगिता का आयोजन



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से शुक्रवार को विकास खंड उझानी में ब्लॉक स्तरीय स्पेल-बी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्राथमिक विद्यालय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं ने हिस्सा लिया। विजेता छात्र-छात्राएं अब जिला स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

ब्लॉक संसाधन केंद्र हजरत गंज पर आयोजित प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालयों के 78 व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 21 व कंपोजिट विद्यालय के 31 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में कंपोजिट विद्यालय कठौली में आठवीं की छात्रा पायल, कंपोजिट विद्यालय बरामालदेव के कक्षा पॉच के छात्र सूरज, उच्च प्राथमिक विद्यालय चंदऊ के कक्षा आठ के छात्र वंश पटेल, प्राथमिक विद्यालय इटऊआ की कक्षा पॉच छात्रा करुणा शाक्य ने पहला स्थान प्राप्त किया।

एआरपी राजवीर सिंह, ज्योति सक्सेना, राजेश कुमार सक्सेना, आमिर फारुक, उर्मिलेश कुमार शर्मा, संदीप माहेश्वरी, प्राची जैन, संतोष कुमार उपाध्याय, सोनू यादव, योगिता रानी, कुलदीप यादव, प्रशांत कुमार, शकील खान आदि ने परीक्षा सम्पन्न कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विजेताओं को खंड शिक्षा अधिकारी प्रशांत राठौर ने विजेता छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा उपरोक्त चयनित छात्र-छात्राएं बेसिक शिक्षा के अनमोल रत्न हैं जिन्हें माता-पिता व शिक्षकों के प्रोत्साहन व मार्गदर्शन की आवश्यकता है। जिससे वह जनपद स्तर की प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें।

# बच्चें शिक्षित व संवेदनशील होकर संवारे अपना भविष्य: एडीजे शिवकुमारी

## उझानी कस्तूरबा गांधी अवासीय विद्यालय में लगा विधिक जागरूकता शिविर




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** उप्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुक्रम में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं के निर्देशानुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं द्वारा शुक्रवार को विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर का आयोजन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, उझानी नगर, जनपद बदायूं में आयोजित किया गया।

शिविर का शुभारम्भ अपर जिला एव सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं शिव कुमारी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में विद्यालय की छात्राओं द्वारा नृत्य गायन प्रस्तुत कर उपस्थित मन्चासीन अधिकारीगण का स्वागत किया गया।

अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं शिव कुमारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को अपने वक्तव्य में बताया कि छात्र-छात्राओं को शिक्षित होना चाहिऐ व अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना चाहिऐ। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को फेसबुक एवं इन्सटाग्राम आदि सोशल मीडिया साइटों का उपयोग सीमित दायरे में ही करना चाहिए क्योंकि आधुनिक परिवेश में सोशल मीडिया के दुर्पयोग से विभिन्न सायबर अपराधों को बढ़ावा मिल रहा है तथा इस सोशल मीडिया के माध्यम से अनभिज्ञ बच्चें, अश्लील चलचित्र, छायाचित्र देखकर ब्लैकमेल का शिकार हो जाते है और साथ ही अपना भविष्य खराब कर लेते हैं।

इसी क्रम में भारतीय संविधान में वर्णित अनुच्छेद-15 लैंगिक भेदभाव आदि के वारे में विस्तार पूर्वक बताया व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नि:शुल्क विधिक सेवायें प्रदान की जाती है, यदि किसी प्रकार पीड़ित के अधिकारों का उल्लंघन होता है तो वह अपने शिकायती प्रार्थना-पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं व सम्बन्धित थाना में नि:संकोच केस दर्ज करा सकते हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं से आह्वावान किया गया कि अपने आस-पास के परिवेश में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें, तथा स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखें इसके अतिरिक्त छात्राओं के खिलाफ अपराध जैसे एसिड हमला, बलात्कार, अपहरण, दहेज उत्पीडन, एवं यौन उत्पीडन के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक बताया इसके अतिरिक्त ०8 मार्च 2०25 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन स्तर पर सुलह समझौते के आधार पर आप अपने वादों का निस्तारण करा सकते हैं तथा सूक्ष्म एवं लघु प्रकृति के वादों को सम्बन्धित न्यायालय के निर्देशानुक्रम में जनपद न्यायालय परिसर में मध्यस्थता केन्द्र खुला हुआ है। उक्त मध्यस्थता केन्द्र के सदस्यों/अधिवक्ताओं द्वारा दोनों पक्षों को बिठाकर समझौता कराया जाता है। उक्त कार्यक्रम का संचालन, बेशिक शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र कुमार द्वारा किया गया।

## संपादकीय

## दीर्घकालिक प्रक्रिया है विकसित भारत



आजकल विकसित भारत शब्द विमर्श के केंद्र में है। प्रश्न उठता है कि विकसित भारत क्या है? क्या यह मात्र एक शब्द है। या राजनीतिक प्रतीक है? क्या यह नारा है? क्या यह एक भविष्यपरक लक्ष्य है। क्या यह राष्ट्र निर्माण का एक परिवर्तनकारी मिशन है? गहराई से व्याख्या करें तो भारतीय आधुनिक इतिहास में तीन परिवर्तनकारी दीर्घ क्षण दिखते है- पहला गांधीजी का भारत की आजादी का मिशन, आजादी के बाद राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलन के लक्ष्यों को लागू करने का मिशन और तीसरा क्षण है विकसित भारत का मिशन, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकल्पित किया है। विकसित भारत एक दीर्घकालिक प्रक्रिया है। यदि इसे प्रतीक के रूप में देखें तो यह एक विकासपरक प्रतीक है, जिसमें विकसित देशों की श्रेणी में आना एक लक्ष्य है। विकसित देशों में विकास के जितने भी मानक हैं-स्वास्थ्य, शिक्षा, गुणात्मक जीवन, सुख, खुशी, समरसता इत्यादि के आधार पर शीर्ष पर पहुंचने की प्रतिबद्धता के भाव इस संकल्पना में समाहित हैं। विकसित भारत के इस प्रतीक में विकास की आधारभूत संरचनाओं के निर्माण के साथ ही समाज की बेहतरी के लिए सुविधाएं, संचार एवं बाजार का जनोपयोगी विकास भी करना होगा।

इस प्रकार, एक प्रतीक के रूप में विकसित भारत विकास के अनेक रूपों यथा आर्थिक विकास, सांस्कृतिक विकास, सुख एवं संतोष की प्राप्ति, आध्यात्मिक उन्नयन, ज्ञान जगत में शीर्ष कोटि प्राप्त करने के लक्ष्य को खुद में शामिल किए हुए है।

अगर आप विकसित भारत की इस प्रक्रिया को देखेंगे तो जाहिर होगा कि सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में पूरी तरह सक्रिय है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के जरिये जहां शिक्षा के मोर्चे पर आशातीत परिणाम हासिल करने की प्रतिबद्धता प्रदर्शित हो रही है, वहीं जनस्वास्थ्य के स्तर पर सभी कड़ियों को मजबूत बनाने के लिए कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाकर स्वस्थ भारत के लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। आधारभूत संरचना के लिए भी हाईवे और एक्सप्रेसवे निर्माण से देश के कोने-कोने को जोड़ने का काम द्रुत गति से जारी है। धार्मिक एवं अध्यात्मिक स्थलों को विकसित कर श्रद्धालुओं की सुविधाजनक तीर्थ यात्रा को संभव किया जा रहा है। विकसित भारत मिशन के लिए समर्पित रणनीतियों से जाहिर है कि आर्थिक, सांस्कृतिक एवं सैन्य शक्ति से युक्त भारत ही विकसित भारत का आधार बनेगा।

विकसित भारत पीएम मोदी के 'पंच प्रण' पर आधारित है। इस पंच प्रण में विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी की हर एक स्मृति एवं प्रतीक से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकता की शक्ति, नागरिकों में कर्तव्य बोध जागरण जैसे तत्व समाहित हैं। हाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख डा. मोहन भागवत ने सांस्कृतिक आजादी की बात की तो कुछ वर्गों ने उनकी आलोचना की। इस प्रक्रिया में हम भूल गए कि दुनिया की हर राजनीतिक आजादी धीरे-धीरे अपने लिए विभिन्न चरणों में सामाजिक एवं सांस्कृतिक आजादी प्राप्त कर एक प्रभावी एवं विकसित राष्ट्र का निर्माण करती ही है। दुनिया भर के देशों की मुक्ति का इतिहास देखें तो जाहिर होगा कि आजादी प्राप्ति के बाद भी ऐसे अनेक औपनिवेशिक राष्ट्रों को अपने मानस, संस्कृति एवं समाज को विऔपनिवेशीकृत करने के लिए प्रयास करने पड़े। ऐसे तमाम विवरण केन्या के प्रसिद्ध लेखक आंगुगी बाच्योंगो की पुस्तक 'डिकोलोनाइजिंग माइंड' में उल्लिखित हैं। स्पष्ट है कि विकसित भारत मिशन एवं गुलामी की संस्कृति से सांस्कृतिक मुक्ति का अभियान एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। विकसित भारत एक सुखद भविष्य की आशा का प्रतीक है, जिसमें भारत के भविष्य की दीर्घकालिक दृष्टि दिखती है। वस्तुतः भारतीय इतिहास का यह तीसरा चरण, जो विकसित भारत का चरण है, इस रूप में महत्वपूर्ण है कि इसमें पहली बार महात्मा गांधी के बाद किसी भारतीय राजनेता ने देश के भविष्य की दीर्घकालिक संकल्पना प्रस्तुत की है। अतीत में नेताओं ने 'भारत भविष्य' को पंचवर्षीय योजनाओं में बांट रखा था।


**अमर भास्कर**

(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- संरक्षक : सुरेश प्रसाद शर्मा
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव
- सह-संपादक : मोहम्मद राशिद
- उप संपादक : जहांगीर भारती



हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।

**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***



अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-

**अमर भास्कर कार्यालय**

**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं (उ.प्र.)।**

**पिन कोड-243601**

***Email- amarbhashkar21@gmail.com***

***Whatsapp. No. 9411214614***


# लतिका बत्रा की पुस्तक जुगनू यादों के का भव्य लोकार्पण

अग्रणी लेखक एवं अनुवादक सुभाष नीरव जी , आ. वंदना यादव, आ. वंदना वाजपेयी जी जैसे साहित्य कारों के साथ ही प्रवासी लेखक आ. अनिता कपूर, अमेरिका से आये आ. सतीश मलिक जी की भी कार्यक्रम में उपस्थिति रही । कानपुर से विशेष रूप से आये लॉयंस इण्टरनैशनल के पूर्व मंडलाध्यक्ष गोपाल तुलसियान की कार्यक्रम में उपस्थिति रही। वरिष्ठ व्यवसायी एवं समाजसेवी आ. रमेश चंद्र कुमार जी, आ. सुभाष बत्रा जी और उनकी भार्या आ. लतिका बत्रा जी की कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का खूबसूरत संचालन रेडियो संगिनी की आर जे रंजना जी ने किया। संयोजन आ. निधि मानवी जी , विशेष सहयोग आ. राजीव तनेजा जी एवं, हरीश बत्रा जी, छायांकन सहयोग आ. गुलशन प्रेम जी का रहा। पुस्तक अनावरण के उपरांत सर्वप्रथम अपने वक्तव्य में आ. सुभाष नीरव जी ने जुगनू यादों



के पुस्तक की विवेचना करने से पहले लेखिका की पहली पुस्तक पुकारा है जिन्दगी को कई बार , डियर कैंसर को याद करते हुए कहा कि इस किताब को वे पढ़ते थे और आँसू निकलते थे । उनके उनके अनुसार कैंसर पर लिखी इससे बढ़िया किताब उन्होंने नहीं पढ़ी है। तदुपरांत उन्होंने जुगनू यादों के पुस्तक के विषय में कहा कि ये किसी परिपक्व लेखिका की किताब है । इस किताब में जो लोक भाषा के शब्द प्रयोग किये गए हैं वे इसे विशिष्ट बनाते हैं। एक एक चौप्टर स्वयं में अनेक कहानियाँ और उपन्यास की सामग्री समेटे है। आ. दिविक रमेश जी ने पुस्तक के विषय में बोलते हुए कहा कि हम सब के भीतर एक बचा होता है, हम उससे कितना संवाद कर पाते हैं ये हमारी क्षमता का विषय होता है।ये बहुत बड़ी बात होती है कि कोई साहित्यकार अपने बचपन में लौटे, जिसका मतलब ही है कि अबतक की तमाम विसंगतियां तमाम उलझने ऊल जलूल बातें जो हमें घेरे रहती है उनसे हट कर हम फ्रि से मासूमियत की ओर लौटें । आगे उन्होंने कहा कि इस पुस्तक में जो स्थानिकता और लोक का जो वैभव है। ये कृति किसी धटना को याद करते हुए वर्णन मात्र नहीं है इसमें दृष्यातमकता है, पूरा परिवेश हमारे सामने आ जाता है। भाषा की स्थानिकता की बात करते हुए आ. वंदना यादव जी ने मेला और मुर्गी का कत्ल संस्मरण में और अन्य अनेक स्थानों पर आये कई ठेठ पंजाबी शब्दों के खूबसूरत प्रयोग की बात कही। एक संस्मरण में आये। कुग्गी। नामक पंछी के विषय में हरियाणा में प्रचलित एक लोककथा का वर्णन भी किया। आ. वंदना वाजपेयी जी ने कहा कि ये लतिका जी की कलम की ताकत है, जिसमें संस्मरण के साथ लोक की संस्कृति, भाषा, मुहावरे, परिवेश को सँजोया है। बाल मनोविज्ञान की बारीकी यहाँ देखने को मिलेगी। कुल मिलाकर आज के टूटते बिखरते परिवारों और एकाकी होते जीवन में ये किताब एक दस्तावेज सी है, जो आने वाली पीढ़ियों को संयुक्त परिवार के अपनेपन और खट्टे-मीठे अनुभवों को बताएगी। कार्यक्रम में लेखिका लतिका बत्रा जी ने पुस्तक में से एक संस्मरण गट्टा लाचियां वाला का पाठ किया। कार्यक्रम के अंत में कवि सम्मेलन का आयोजन था जिसमें जाने माने शायरों और कवियों ने खूब समां बांधा।

# देश के हितों पर चोट करती विदेशी सहायता

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जबसे अंतरराष्ट्रीय विकास के लिए संयुक्त राज्य अमेरिकी एजेंसी अर्थात यूएसएड का अमेरिकी विदेश विभाग में विलय करने का निर्णय लिया है, तबसे इस एजेंसी के कार्यकलापों को लेकर चौंकाने वाले रहस्योद्घाटन हो रहे हैं। स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे कुछ अच्छे प्रयासों पर धन खर्च करने वाली यह संस्था अमेरिका के सत्ता परिवर्तन अभियान का जरिया भी बनी हुई थी।

अमेरिकी विदेश विभाग के पूर्व अधिकारी माइक बेंज ने दावा किया है कि यूएसएड ने विभिन्न माध्यमों से बांग्लादेश में तख्तापलट को प्रोत्साहित करने के बाद भारतीय विमर्श को भी प्रभावित करने का प्रयास किया। बेंज के अनुसार अमेरिका ने बांग्लादेश की शेख हसीना सरकार को कमजोर करने के लिए सांस्कृतिक तनाव का इस्तेमाल कर उनकी सरकार के खिलाफभावनाओं को भड़काया। बेंज ने आरोप लगाया है कि यूएसएड अन्य अमेरिकी सरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर भारत में मोदी विरोधी राजनीतिक कथानक को तैयार करने के लिए लगातार प्रयास करती रही है। इस कथानक का उपयोग 2019 के आम चुनावों में मोदी विरोधी हवा बनाने के लिए तो किया ही गया, साथ ही आनलाइन विमर्श में हेराफेरी करने, विपक्षी आंदोलनों को वित्तपोषित करने और कुछ दृष्टिकोणों को सेंसर करने के लिए भी किया गया।

बेंज की मानें तो यूएसएड और उसके सहयोगियों ने प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा को गलत सूचनाएं यानी फेक न्यूज प्रचारित करने का आरोपित बनाकर पेश किया और ऐसा चित्रण तैयार करने के बाद फेसबुक, वाट्सएप, यूट्यूब और ट्विटर जैसे इंटरनेट मीडिया नेटवर्क पर मोदी समर्थक सामग्री को सेंसरशिप के दायरे में लाने का औचित्य गढ़ा। बेंज का दावा है कि यूएसएड से जुड़े संगठनों ने भारत में फेक न्यूज की फर्जी रिपोर्ट तैयार करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मीडिया और डिजिटल फोरेंसिक समूहों के साथ सहयोग भी



किया। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि यूएसएड का उस फ्रीडम हाउस नामक संस्था से गठजोड़ है, जो भारतीय लोकतंत्र को लगातार निचले पायदान पर रखती है और यह संदेश देने की कोशिश करती है कि भारत में लोकतंत्र कमजोर होता जा रहा है। इन सनसनीखेज दावों के बीच विकिलीक्स ने भी उजागर किया है कि यूएसएड ने स्वतंत्र पत्रकारिता के विकास का दावा करने वाली इंटरन्यूज नामक एक अन्य संस्था को लगभग 4,100 करोड़ का अनुदान दिया इस अनुदान का एक हिस्सा भारत भी आया, जिसमें बड़ी रकम सुप्रीम कोर्ट के एक वकील की ऐसी संस्था को मिली, जिसके परामर्शदाता और उसके द्वारा संचालित कार्यशालाओं में मोदी विरोधी एक्टिविस्ट और पत्रकारों के नाम सामने आते हैं। ये सभी मोदी सरकार के धुर विरोधियों में गिने जाते हैं। इनमें से कई की गिनती वामपंथियों में भी होती है। यह भी कोई संयोग नहीं कि अमेरिकी दूतावास ने 1.6 करोड़ के बजट की घोषणा से पब्लिक मीडिया ट्रेनरों की नियुक्ति के लिए जो मुहिम चलाई थी, उसके नेतृत्व के लिए इन्हीं के बीच के एक यूट्यूबर पत्रकार को चुना था और उसे दूतावास निमंत्रित किया था। द पैंफ्लेट नामक पोर्टल ने कुछ समय पहले यह उजागर किया था कि अंधविरोध से ग्रस्त घोर मोदी विरोधी और मैग्सेसे पुरस्कार विजेता एक भारतीय पत्रकार पर अमेरिका में बनाई गई डाक्युमेंट्री को फोर्ड फाउंडेशन से आर्थिक सहायता मिली थी। इससे पहले राजीव गांधी फाउंडेशन को जार्ज सोरोस से अनुदान मिलने की खबर आई थी, परंतु अब सैम पित्रोदा के एनजीओ जीकेआइ को भी यूएसएड से पैसा मिलने की बात सामने आई है। यह ध्यान रहे कि राहुल गांधी के अमेरिकी कार्यक्रमों को आयोजित करने का कार्यभार सैम पित्रोदा के जिम्मे ही रहता है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि गांधी परिवार के राजीव गांधी फाउंडेशन को चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से चंदा मिला था।

इसके चलते फाउंडेशन का विदेश चंदे संबंधी एफसीआरए लाइसेंस को रद कर दिया गया था। भारतीय राजनीति और भारतीय मीडिया में विदेशी दखल का चलन नई बात नहीं है। मित्रोखिन आर्काइव्स में वर्णित सोवियत रूसी हस्तक्षेप से लेकर चीनी फंडिंग प्राप्त एक न्यूज पोर्टल की ओर से देश में अराजकता फैलाने के प्रकरण समय-समय पर उजागर होते रहे हैं। देश की राजनीति में विदेशी और खासकर अमेरिकी हस्तक्षेप और राजनीतिक एवं मीडिया कथानक को पैसे के दम पर तोड़ने-मरोड़ने का प्रयास इस मायने में भिन्न है कि यह बेशर्मी से खुलेआम हो रहा है।

यूएसएड के जरिये अमेरिकी प्रयास इस मायने में और भी खतरनाक थे कि वे राजनीति के अलावा लोकतंत्र के विभिन्न अंगों को प्रभावित और अधिग्रहित कर भारतीय संप्रभुता को खुली चुनौती दे रहे थे। इसके अलावा ऐसे प्रयास दूरगामी सामाजिक एवं सांस्कृतिक विप्लव की जमीन भी तैयार करते हैं। यूएसएड द्वारा मोटा चंदा प्राप्त वर्ल्ड विजन और परोक्ष रूप से सहायता प्राप्त जोशुआ प्रोजेक्ट इसका उदाहरण हैं। ये संस्थाएं न सिर्फ मतांतरण करा रही हैं, बल्कि हिंदुओं के प्रति घृणा का माहौल भी तैयार करती हैं।

## खेल-खिलाड़ी

# खिलाड़ियों के साथ कोच को भी मानने होंगे बीसीसीआई के नए नियम

**नई दिल्ली।** भारत के न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पांच मैचों की टेस्ट सीरीज हारने के बाद बीसीसीआई ने 10 नीतियां बनाई थीं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इंग्लैंड सीरीज से अब उन नियमों को लागू कर दिया गया है। इससे न सिर्फ खिलाड़ियों, बल्कि कोच गौतम गंभीर को नुकसान उठाना पड़ा है। दरअसल, बीसीसीआई ने टीम में अनबन की रिपोर्ट्स सामने आने के बाद कुछ सख्त नियम तैयार किए थे। इन बीसीसीआई की 10 नीतियां नाम दिया गया। इसमें परिवार के साथ रुकने से लेकर खिलाड़ियों के एक साथ ट्रैवल करने तक के नियम बनाए गए थे। बीसीसीआई के नए नियमों के मुताबिक, सपोर्ट स्टाफके निजी सहायक या मैनेजर को अब टीम बस में सीनियर खिलाड़ियों के साथ यात्रा करने की अनुमति नहीं है। न ही उन्हें एक ही होटल में खिलाड़ियों या सपोर्ट स्टाफके साथ जाने की अनुमति है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान भारतीय कोच के गंभीर के साथ हमेशा रहने वाले उनके निजी सहायक को दौरे के बाद बीसीसीआई की इस सख्ती का सामना करना पड़ा। बोर्ड दुबई में चौंपियंस ट्रॉफी के दौरान ऐसा नहीं होने देना चाहता है। यह बताया गया



है कि गंभीर का पीए अब उन्हीं के होटल में रहने की जगह किसी अन्य होटल में रुक रहा है। इंग्लैंड और भारत के बीच सीरीज के दौरान ऐसा देखने को मिला है। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि कोचिंग स्टाफके एक सदस्य का निजी सचिव, जिन्हें नियमित रूप से टीम होटल में ठहरते हुए देखा जाता था, अब एक अलग होटल में रहते हुए देखा गया है। हालांकि उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान हर स्थान पर देखा गया है।श् गंभीर ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान एकमात्र कोचिंग स्टाफ थे जिनके पास एक निजी सहायक था। कोच के पास अब वही सेटअप नहीं हो सकता है, क्योंकि बोर्ड ने आधिकारिक तौर पर अपना नया नियम लागू कर दिया है। बीसीसीआई के एक चिढ़े हुए अधिकारी ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया , उनका निजी सहायक राष्ट्रीय चयनकर्ताओं के लिए निर्दिष्ट कार में क्यों बैठा था? वे कार में किसी अज्ञात तीसरे व्यक्ति के साथ निजी तौर पर चीजों पर चर्चा भी नहीं कर सकते। उन्हें एडिलेड में बीसीसीआई के हॉस्पिटैलिटी बॉक्स में जगह क्यों दी गई पिछले कुछ महीनों में भारतीय ड्रेसिंग रूम से लीक होना काफी आम हो गया है। ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान भी खबरें लीक होने की बात सामने आई थी। ऐसा लगता है कि बोर्ड किसी भी अनधिकृत पहुंच की अनुमति न देकर इस तरह के लीक को कम करने की कोशिश कर रहा है। बीसीसीआई अधिकारी ने कहा, उस निजी सहायक ने उस पांच सितारा होटल की घेराबंदी वाले क्षेत्र में नाश्ता कैसे किया जो सिर्फटीम के सदस्यों के लिए निर्धारित है।

# महिला प्रीमियर लीग के तीसरे संस्करण का आगाज

**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग के तीसरे संस्करण की शुरुआत शुक्रवार यानी अब से होगी। इस टूर्नामेंट में कुल पांच टीमें शामिल होंगी। पहली बार टूर्नामेंट का आयोजन चार शहरों में होगा। इनमें बड़ौदा, बंगलूरू, मुंबई और लखनऊ शामिल हैं।

इस टूर्नामेंट में कुल पांच टीमें शामिल हैं। सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 2-2 मैच खेलेंगी। इस तरह एक टीम कुल आठ मुकाबले खेलेगी। टूर्नामेंट में कुल 22 मैच खेले जाएंगे। 14 फरवरी से 11 मार्च तक लीग स्टेज के 20 मुकाबले खेले जाएंगे। दिलचस्प बात यह है कि इस बार किसी भी दिन डबल हेडर नहीं होगा यानी एक भी दिन दो मैच नहीं खेले जाएंगे। हमेशा की तरह इस बार भी महिला



प्रीमियर लीग का आगाज रंगारंग कार्यक्रम के साथ होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) इस लीग की ओपनिंग सेरेमनी या उद्घाटन समारोह आयोजित करेगा। आइये जानते हैं आप इस टूर्नामेंट के सभी मैच कब, कहां और कैसे फ्री में देख सकती है। महिला प्रीमियर लीग 2025 का पहला मैच 14 फरवरी से खेला गया। महिला प्रीमियर लीग 2025 का पहला मुकाबला गुजरात जाएंट्स और रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा। महिला प्रीमियर लीग 2025 का पहला मुकाबला गुजरात जाएंट्स और रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के बीच भारतीय समयानुसार शाम 7रू30 बजे से खेला जाएगा। इस मैच का टॉस सात बजे होगा। महिला प्रीमियर लीग 2025 का उद्घाटन समारोह मैच शुरू होने से ठीक एक घंटे पहले यानी शाम 6:30 बजे शुरू होगा। महिला प्रीमियर लीग 2025 के प्रसारण का अधिकार स्पोर्ट्स 18 नेटवर्क के पास है। आप स्पोर्ट्स 18 के अलग-अलग भाषाओं के चौनल पर इस टूर्नामेंट के मुकाबले देख सकते हैं। महिला प्रीमियर लीग 2025 की लाइव स्ट्रीमिंग जियो सिनेमा ऐप पर होगी

# बजरंग दल ने वेलेटाइन डे का किया विरोध

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** बजरंग दल प्रांत के निर्देशानुसार बजरंग दल कासगंज के जिला सह संयोजक विनोद कुशवाह एवं नगर सह संयोजक सतेंद्र के नेतृत्व में पाश्चात्य संस्कृति बैलेंटाइन डे के विरोध में विरोध प्रदर्शन किया गया।



सुबह प्रभु पार्क पर एकत्रीकरण कर कार्यकर्ताओं द्वारा वेलेंटाइन कार्ड जलाकर विरोध प्रकट करने के उपरांत खुशी होटल, नदरई झाल के पुल, बिलराम गेट, सोरों गेट सहावर गेट नदरई गेट, गंदा नाला, रेलवे रोड आदि जगहों पर स्थित होटल, कैफे रेस्टोरेंट, में चेकिंग की 3 से 4 जोड़ों को हिदायत देते हुए,

घर भेजा इसी क्रम में विभाग संयोजक अमरीश वशिष्ठ ने बताया कि बजरंग दल भावनात्मक प्रेम के खिलाफ नहीं बजरंग दल समाज में प्यार के नाम पर फैल रही अश्लीलता, लवजिहाद में हिंदू लड़कियों को जिहादियों द्वारा लव जिहाद का शिकार बनाकर उनका धर्म परिवर्तन कर अपने टारगेट को पूरा करके हत्या कर अपराध को अंजाम तक पहुंचने का कार्य विधर्मियों द्वारा किया जाता है इन सबके खिलाफ है।

बजरंग दल। भारतीय संस्कृति की पवित्रता को खराब करने बालों के विरोध में 14 फरवरी को ही नहीं साल के 365 दिन तत्पर रहेगा बजरंग दल विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से सत्येंद्र सिंह, अंकुर चौहान, हर्षित गौड, विजय कुमार, अमित वर्मा, आशुतोष चौहान, आकाश शर्मा, शैलेश माहेश्वरी, अविनाश राजपूत, धनंजय पंडित, भविष्य माहेश्वरी, विशु, संस्कार बिरला, संजीव वार्ष्णेय, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे

# शब-ए-बरात की रात में मस्जिद और कब्रिस्तान में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने की इबादत

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नीम वाली ज्यारत और हाफिज बुलाकी शाह ज्यारत के सज्जादनशीन मोहम्मद हफीज हजरत साहब ने फरमाया इस्लामी कैलेंडर का आठवां महीना शाबान-ए-मोअज्जम है, और इस माह के अंदर एक रात की काफी अहमियत है। उस रात को शब-ए-बरात की रात कहा जाता है।



इस रात सभी रातों से अफजल है इस्लाम धर्म के लोग इस रात को जागकर अल्लाह तआला की इबादत करते हैं। कहा जाता है कि इस रात जागकर इबादत करना और दूसरे दिन रोजा रखना बहुत अफजल माना गया है। इस महीने की चौदहवीं रात, जिसे शब-ए-बरात कहा जाता है और बरात का मतलब छुटकारा व गुनाहों से माफी होता है।

इसलिए इस रात में जागकर इबादत करते हैं। गुरुवार की शाम जिले भर की कब्रिस्तान व मजारें अगरबत्ती मोमबत्ती की रोशनी से जगमगाने लगा। हर ओर उत्साह का माहौल था। शाम होते ही अधिकांश लोग अपने बेटे अथवा पोते (छोटे बच्चों) का हाथ पकड़े कब्रिस्तान की ओर जाते दिखे। कब्रिस्तान में जाकर बड़े के साथ बच्चे भी अपने बुजुर्गों की कब्रों पर फातिहा पढ़ें रहे थे। इसके साथ ही जो भी बड़े अपने बच्चों को कब्रिस्तान लेकर गए थे, वे वहां बच्चों को ये बता रहे थे कि उनके बुजुर्गों का कब्रिस्तान है। इसके अलावा लोग बड़ी पहाड़ी पर हजरत सैयद मलिक बयो रह. और बड़ी दरगाह में हजरत शेख शर्फउददीन अहमद यहिया मनेरी रह. की मजार पर फातेहा पढ़ते नजर आए।

कब्रिस्तान व मजारों पर फातेहा करने के बाद लोग सीधे मस्जिद का रुख कर रहे थे। मस्जिद में रातभर इबादत कर के अल्लाह तआला को राजी करने के लिए दुआएं करते दिखे। रातभर अपना और अपने बुजुर्गों और उम्मते इस्लाम के मोमिन के लिए का दुआ ए मगफिरत करते रहे लोग सुबह की नमाज के बाद घर वापस लौट गए और शुक्रवार को दिन भर रोजा रखा गया । मो. कैसर ने कहा कि जिन लोगों को यह रात मिल रही है, उन्हें चाहिए कि वे इस रात का फायदा उठाएं।

# ट्रेन की चपेट मे आकर मुरादाबाद के युवक की मौत

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** प्रयागराज महाकुंभ से स्नान कर लौटते हुए एक व्यक्ति की गुरुवार की सुबह ट्रेन से कटकर मौत हो गई यह हादसा गुरुवार गोरखपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या चार पर हुआ वह लखनऊ जाने के लिए इंटरसिटी एक्सप्रेस पर चढ़ने जा रहे थे अचानक उनका पैर फिसल गया और वह पटरियों के बीच आ गए उनके दोनों पैर कट गए आर पी एफऔर जीआरपी ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई मृतक की पहचान मुरादाबाद के अंगद मिश्र के रूप में हुई, मुरादाबाद निवासी उपेंद्र मिश्र के 43 वर्षीय पुत्र अंगद अपने मौसेरे भाई मुकेश के साथ प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने गए थे स्नान करने के बाद वह ट्रेन से गोरखपुर पहुंचे यहां से लखनऊ होते हुए उन्हें मुरादाबाद आना था दोनों भाइयों ने 15031 गोरखपुर लखनऊ जंक्शन इंटरसिटी एक्सप्रेस में रिजर्वेशन करवाया था लेकिन ट्रेन पर चढ़ते हुए हादसा हो गया, इंटरसिटी एक्सप्रेस को सुबह 5.45 बजे प्लेटफार्म नंबर चार से रवाना होना था दोनों भाई जल्दी-जल्दी प्लेटफार्म पर पहुंचे ट्रेन छूटने के समय में वह ट्रेन में चढ़ने लगे, मुकेश तो ट्रेन में चढ़ गया, लेकिन अंगद का पैर फिसल गया जिससे वह पटरियों के बीच गिर गए और उसी ट्रेन से उनका पैर कट गया उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई डॉक्टर ने उनकी मौत की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया अंगद मिश्र के साथ हुए हादसे की सूचना आरपीएफ के जवानों ने उनके परिजनों को दी उनके भाई सुपन ने बताया कि अंगद के दो बेटियां हैं महाकुंभ में स्नान करने के बाद वह काफी खुश थे घर पहुंचने के लिए उन्होंने आधा रास्ता तय भी कर लिया था लेकिन अचानक यह अनहोनी हो गई जिस ट्रेन में बैठकर उन्हें घर की और जाना था उसी के नीचे आकर वह दुनिया छोड़कर चले गए।



# पुलिस ने लाईसेंसी बन्दूक से फायर करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** थाना हयात नगर पुलिस ने 24 घंटे के अंदर लाइसेंसी बंदूक से फायर करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया है पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई व अपर पुलिस अधीक्षक सम्भल श्रीश्चन्द्र के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार चौधरी व थाना प्रभारी थाना हयातनगर चमन सिंह के कुशल नेतृत्व में जनपद सम्भल में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त फिरासत उम्र 50 वर्ष पुत्र सुभान निवासी ग्राम अख्तयारपुर चोबे थाना हयातनगर जनपद सम्भल को दतावली गांव के बाहर मन्दिर के पास से लाईसेंसी बन्दूक के साथ गिरफ्तार किया है गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा हैं। शुक्रवार को नाजिर पुत्र साबिर निवासी ग्राम अख्तयारपुर चोबे थाना हयातनगर जनपद संभल ने एक तहरीर रास्ते मे भैंस बाधने व ट्रैक्टर खडी करने को मना करने को लेकर गांव के रहने वाले शस्त्र लाईसेंस धारक द्वारा अपनी लाईसेंसी बन्दूक से फायर करने. जिसमे कई व्यक्तियो के घायल होने के सम्बन्ध मे थाना हयातनगर पर दी। इस सम्बन्ध मे थाना में मुकदमा पंजीकृत किया गया जिसमें घटना को 24 घंटे के अन्दर अन्दर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना पुलिस द्वारा अभियुक्त फिरासत को उसकी लाईसेंसी बन्दूक दोनाली के साथ दतावली गांव के बाहर मन्दिर के पास से गिरफ्तार किया गया।



# मक्खन की जयंती पर काव्य गोष्ठी

**मुरादाबाद।** मंडल के साहित्य के प्रसार एवं संरक्षण को पूर्ण रूप से समर्पित संस्था साहित्यिक मुरादाबाद और राष्ट्रीय शिक्षा समिति उत्तर प्रदेश की ओर से आयोजित समारोह में कुरकावली (जनपद संभल) के वरिष्ठ साहित्यकार त्यागी अशोका कृष्ण को डॉ मक्खन मुरादाबादी स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप उन्हें मान पत्र, श्रीफल,अंग वस्त्र और सम्मान राशि प्रदान की गई। सिद्धार्थ त्यागी के संयोजन में आयोजित समारोह की अध्यक्षता डॉ अजय अनुपम ने की तथा संचालन डॉ मनोज रस्तोगी ने किया।

## सार-संक्षेप

### वेलेंटाइन डे के मौके पर बीवी के अफेयर से परेशान युवक ने किया सुसाइड



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वेलेंटाइन डे के मौके पर मुरादाबाद में एक युवक ने वीडियो बनाने के बाद सुसाइड कर लिया, आत्महत्या करने से पहले बनाई गई वीडियो में युवक कह रहा है कि मैंने बहुत कोशिश की लेकिन मैं अपने बीवी बच्चों का दिल नहीं जीत सका, आत्महत्या करने से पहले बनाई वीडियो में युवक ने अपनी आत्महत्या के लिए अपनी पत्नी नीलम और कुछ रिश्तेदारों को कसूरवार बताया है, युवक ने कहा मैं तुम्हारा दिल नहीं जीत सका अब जा रहा हूं तुम खुश रहना, घटना मुरादाबाद के कटघर थाना क्षेत्र में अंबेडकर नगर की है यहां रहने वाले संदीप कुमार का शव देर रात फंदे पर लटका मिला, सूइसाइड करने से पहले युवक ने एक वीडियो बनाया जो उसके मोबाइल में मिला है।

संदीप कुमार 36 साल के परिवार में पत्नी नीलम के अलावा दो बेटियां किट्टू 10 साल और अन्नी 5 साल है नीलम से उसकी शादी 15 साल पहले हुई थी लेकिन पति-पत्नी के बीच अक्सर अनबन रहती थी, संदीप कुमार की ससुराल दलपतपुर के पास वीरपुर गांव की है संदीप एक स्कूल की वैन चलाता था और समोसे का ठेला भी लगाता था संदीप के परिजनों का आरोप है कि उसकी पत्नी नीलम जतिन नाम के लड़के से बात करती थी उसने पत्नी के फोन में उसकी चौटिंग भी देख ली थी इसी बात को लेकर दंपति में झगड़ा होता था परिजनों का कहना है कि ससुराल वालों ने उसे मिलने के लिए बुलाया था, वहां से लौटने के बाद ही गुरुवार रात फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली, पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

### दो पक्षों में हुआ विवाद



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** सदर कोतवाली क्षेत्र में रास्ते में पशु बाधने को लेकर दो पक्षों में भयंकर विवाद हो गया इसमें एक पक्ष में हमला कर मां बेटे को घायल कर दिया घायल मां बेटे थाने पहुंचे और दबगो के खिलाफतहरीर देकर कार्रवाई की मांग की तो वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई करते हुए घायल को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेजा

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला डेरे सराय निवासी फाजिल पुत्र मुनाजिर नमाज पढ़ कर वापस आ रहा था रास्ते में फरीद के पशु बधे थे जिस पर फाजिल ने रास्ते में पशु बांधने का विरोध किया दोनों में मामूली कहा सुनी हो गई जिस पर फरीद ने अपने परिजनों तालिब अरबाज अनस तुला चौधरी बाबू के साथ मिलकर लाठी डंडे लेकर फाजिल पर हमला कर दिया फाजिल को पिता देख फाजिल की मां रईसा जब बचाने पहुंची तो दबगो ने उस पर भी हमला कर घायल कर दिया परिजन घायल को लेकर थाने पहुंचे दबगो के खिलाफ तहसील देकर कार्रवाई की मांग की पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर घायलों को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेज कर मामले की जांच पड़ताल की गई।

# हयात नगर पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** थाना हयातनगर पुलिस ने एक नंबर वारंटी आरोपी को गिरफ्तार किया है।



जिसमें पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार विश्नोई व अपर पुलिस अधीक्षक सम्भल श्रीश्चन्द्र के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी सम्भल अनुज कुमार चौधरी व थाना प्रभारी थाना हयातनगर चमन सिंह के कुशल नेतृत्व में जनपद सम्भल में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु पुलिस टीम द्वारा एक नफर वारण्टी अभियुक्त सूरजभान सिंह पुत्र भगवानदास, निवासी हयातनगर पूर्वी, तहसील सम्भल को उसके मस्कन मौ. हयातनगर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को समय से न्यायालय पेश किया जा रहा हैं।

# नशा मुक्त समाज-हमारा संकल्प

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** नशा समाज के लिए अभिशाप है, वर्तमान समय में नशे के विभिन्न रूप जैसे-शराब, ड्रग्स, गांजा, भांग आदि का उपयोग दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। विशेष तौर पर शराब का उपयोग देश में सबसे अधिक हमारे प्रदेश में हो रहा है।




युवा पीढ़ी इसका शिकार होती जा रही है। अगर नशे को हमारे समाज में नहीं रोका गया, तो आगे जाकर बहुत घातक परिणाम सामने आएंगे जिला सम्भल के उक्त विचार जमाअत-ए-इस्लामी हिन्द उत्तर प्रदेश पश्चिम के जिला अध्यक्ष श्री इफ्तेखार अली ने अतीक पैलेस स्थित नखासा, सम्भल में मीडिया के समक्ष प्रकट किए।

मीडिया बन्धुओं को सम्बोधित करते हुए इफ्तेखार अली ने बताया कि हमारे समाज में कई प्रकार की बुराइयां पनप रही हैं, जो हमारे सामाजिक जीवन को प्रभावित कर रही हैं। इनमें से नशे की बुराई सबसे गम्भीर और चिंताजनक है। यह न केवल व्यक्तिगत जीवन को बर्बाद करती है बल्कि परिवार और समाज की जड़ों को भी कमजोर करती है। इस बुराई के कारण युवा पीढ़ी अपनी क्षमता और भविष्य को खो रही है। इसके चलते अपराध, स्वास्थ्य समस्याएं और आर्थिक तंगी जैसी कई अन्य समस्याएं भी जन्म ले रही हैं। नशे की लत समाज की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा बनती जा रही है, जिसे जड़ से समाप्त करना अतिआवश्यक है। इसकी गम्भीरता को देखते हुए जमाअत-ए-इस्लामी हिन्द उत्तर प्रदेश पश्चिम ने नशा मुक्त समाज हमारा संकल्प शीर्षक के तहत नशा मुक्ति अभियान दिनांकरू 14.02.2025 से 23.02.2025 तक मनाने का फैसला लिया हैं इस अवसर पर दो हाफ्जिुर रहमान फलाही, परवेज आलम, मौलाना रेहान फलाही, दो अनस मोहम्मद, मोहम्मद आतिफ इसरायली, मोहम्मद इलियास, हकीम मौ० सुब्हान, मोहम्मद जावेद उपस्थित रहे।

# सिंटेक्स कंपनी के गोदाम में लगी भीषण आग

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर में सिंटेक्स कंपनी के गोदाम में भीषण आग लग गई, पानी के टैंक और पीवीसी पाइपों में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग भड़कना बताया जा रहा है घटना की जानकारी गुरुवार दोपहर 3 बजे हुई आग इतनी भीषण थी की धुआं 5 किलोमीटर दूर तक दिख रहा था 12 अग्निशमन गाड़ियां आग बुझाने में जुटी रही डीएम एसपी के साथ सीएमओ भी मौके पर पहुंचे, लगभग 150 घरों को खाली कराया गया गोदाम के मालिक सनी दुबे आग लगी देख रो पड़े उन्होंने कहा कि जिंदगी भर की कमाई बर्बाद हो गई, कटघर के हनुमान मूर्ति तिराहा के पास सिंटेक्स कंपनी का गोदाम है यहां प्लास्टिक की आइटम की बड़ी स्टोरेज थी आग भड़कने के बाद पीतल बस्ती को जाने वाले रास्ते को बंद करवा दिया गया ताकि रोड पर चलने वाले लोग आग की चपेट में ना आ जाएं,

मौके पर एंबुलेंस भी बुलाई गई, आधिकारियो ने बताया कि आग से कितना नुकसान हुआ है यह अभी तक क्लियर नहीं है, गोदाम रिहायशी इलाके में बना हुआ है इसलिए अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने आसपास के घरों की छत पर चढ़कर पानी की बौछार करना शुरू कर दिया, ड्रोन से भी लगातार मॉनिटरिंग की गई अधिकारी ने बताया कि अंदर प्लास्टिक का सामान भरा हुआ है इसलिए बार-बार आग भड़क रही थी हालांकि अब काफी हद तक काबू पा लिया गया है एक महिला वंदना शर्मा ने फायरफाइटर को बताया कि उनका भाई अखिल श्रोतरीय भी इस गोदाम में फंसा हुआ है वह इस गोदाम में अकाउंटेंट है महिला को सुनकर फायरफाइटर ने नए से सर्च अभियान चलाया और अखिल को बाहर निकाल लिया गोदाम के अंदर प्लास्टिक आइटम की स्टोरेज थी आग से जलने की वजह से 1 किलोमीटर के एरिया में सांस लेना मुश्किल होने लगा हर तरफ धुआं ही धुंआ फैल गया,



इसलिए भी लोगों को बाहर भेजा गया महिला बच्चों को खास तौर पर घरों से बाहर निकल गया इस दौरान खुद डीएम और एसएसपी ने माइक लेकर अनाउंसमेंट करते दिखे, एस एसपी सतपाल अंतिल ने कहा मैं डीएम,सीएम, ओर हमारे सारे मजिस्ट्रेट मौके पर आ गए हैं आग पर काफी हद तक काबू पाया जा चुका है एक कर्मचारी और एक चौकीदार अंदर फंसे थे उन्हें निकाल लिया गया है इस आग से कोई झुलसा नहीं है सब सुरक्षित है एहतियात के तौर पर आसपास के घर खाली करवाए गए हैं फायरफाइटर को ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ अंदर आग पर काबू पाने के लिए भेजा गया आग बुझाने के लिए करीब 26 फायर फाइटर लग रहे आग पर काबू पाने के लिए रामपुर और अमरोहा से भी फायर फाइटर बुलाये गये थे इसके अलावा प्राइवेट एक्सपोर्ट कंपनी के फायर टेंडर्स को भी मौके पर बुलाया गया।

# पुलवामा में शहीद हुए जवानों को दी श्रद्धांजलि



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**चन्दौसी।** थाना सदर कोतवाली चंदौसी क्षेत्र के अंतर्गत महिला संगठन द्वारा पुलवामा में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई जायंट्स ग्रुप वुमेन शिखर चंदौसी द्वारा 14 फरवरी 2019 का दिन भारत के इतिहास में काला दिन माना जाता है इस दिन जम्मू कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए 40 जवान बलिदान हुए थे उन्हीं की याद में मोमबत्ती जलाकर उन को भरपूर श्रद्धांजलि दी इस मौके पर वुमेन्स शिखर की अध्यक्ष शोभा शर्मा सचिव मोना शर्मा कोषाध्यक्ष नीतू रस्तोगी और संकल्प ग्रुप चंदौसी की अध्यक्ष शिवानी शर्मा सचिव दामिनी वार्ष्णेय कोषाध्यक्ष स्वाती शर्मा मौजूद रहीं सुमन शर्मा सुप्रिती गुप्ता बीना गुप्ता डायरेक्टर शिखा शर्मा भी मौजूद रहे।

# भारतीय किसान यूनियन ने मांगों को लेकर बिजली घर का किया घेराव

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** भारतीय किसान यूनियन द्वारा बड़ा बिजली घर संभल में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया। जिसका नेतृत्व युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा एवं अध्यक्षता शिवनारायण सैनी जिला संरक्षक संभल ने की। कार्यकर्ताओं द्वारा यशस्वी मुख्यमंत्री जी को संबोधित 6 सूत्रीय मांग पत्र एस डी ओ राहुल सिंह के माध्यम से सौंपा गया।



धरने को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाकर 5 लाख करते हुए सराहनीय कार्य किया है परंतु अधिकारियों की उदासीनता एवं मनमानी के चलते पात्रों को सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। राज्य में चीनी मिलों को चले लगभग 3 महीने बीत जाने के बाद भी गन्ना मूल्य की घोषणा नहीं हो पाई है जिसको लेकर किसान परेशान है। साथ ही पिछले 8 वर्षों में योगी सरकार ने मात्र 55 रुपए प्रति कुंतल गन्ना बढ़ोतरी की है जबकि गन्ना उत्पादन में लागत कई गुना बढ़ चुकी है। पड़ोसी राज्यों में गन्ने का मूल्य रुपये 400 एवं 401 घोषित हुआ है। संगठन सरकार से मांग करता है कि यूपी में गन्ने का मूल्य कम से कम रुपये 450 होना चाहिए।

किसान क्रेडिट कार्डों पर दूसरी बैंकों के मुकाबले अधिक ब्याज वसूली की जा रही है, जिससे किसान का आर्थिक शोषण हो रहा है। साथ ही केसीसी के नवीनीकरण की अवधि के बाद भी अतिरिक्त चार्ज लगाया जा रहा है। आधार कार्ड में संशोधन के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है जबकि आधार कार्ड एवं खतौनी में नाम अलग होने पर लाखों लोगों की फार्मर रजिस्ट्री रुकी पड़ी है। फार्म रजिस्ट्री में किसानों के सामने अनेक बाधाऐ उत्पन्न हुई है, वेबसाइट में होने वाली समस्याओं के कारण किसान अपनी जमीन का पंजीकरण नहीं करवा पा रहे हैं। अतिरिक्त केंद्र खोलकर किसानों को सुविधा प्रदान की जाए। विद्युत विभाग में आधे से ज्यादा मीटर गलत बिल निकाल कर जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। जिनको तत्काल दुरुस्त कराया जाए। जल मिशन योजना में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है, निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है जिसकी जांच होनी चाहिए।

# अमेरिकी सहायता रोके जाने से एकजुट हुए अरब देश



**सीरिया।** देश में जारी गृहयुद्ध के बीच अमेरिका द्वारा सहयोग रोकने की घोषणा सीरिया के भविष्य के लिए बड़ा संकट साबित हो सकता है। इसी बात पर चर्चा के लिए पेरिस में गुरुवार को एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हो रहा है। इसमें पश्चिमी देशों और अरब देशों के प्रतिनिधि सीरिया के भविष्य पर चर्चा करने के लिए एकत्रित हो रहे हैं। यह सम्मेलन सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर असद के पतन के बाद हो रहा है, और इस दौरान क्षेत्र में अमेरिका की प्रतिबद्धता को लेकर भी अनिश्चितता बनी हुई है।

बता दें कि दिसंबर में असद को सत्ता से हटाए जाने के बाद यह सीरिया पर तीसरा सम्मेलन है और साथ ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के सत्ता में आने के बाद यह पहला सम्मेलन है। सीरिया के अंतरिम विदेश मंत्री असद अल-शिबानी को सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है। शिबानी की ये पहली यूरोप की यात्रा होगी।

उन्होंने इस सम्मेलन में सीरिया के पश्चिमी देशों के साथ संबंधों को सुधारने और प्रतिबंधों को हटाने की इच्छा जताई, ताकि देश पुनर्निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर सके। अमेरिका द्वारा विदेशी सहायता रोकने के फैसले से सीरिया में चिंताएं बढ़ गई हैं, क्योंकि सीरिया पहले से ही गृहयुद्ध से बर्बाद हो चुका था और वह अमेरिका से सहायता पर निर्भर था। ट्रंप प्रशासन ने यूएसएआईडी कर्मचारियों को काम से हटा दिया, जिससे भुखमरी, शिक्षा और महामारी से लड़ने के मिशन को भी समाप्त किया जा रहा है।

देखा जाए तो सीरियाई नागरिकों ने असद के शासन के खत्म होने का स्वागत किया था, लेकिन विश्लेषकों का कहना है कि यदि नए शासक देश की खस्ताहाल अर्थव्यवस्था को सुधारने में असफल होते हैं, तो उनकी सत्ता सीमित हो सकती है। सीरिया को पुनर्निर्माण के लिए अरबों डॉलर की आवश्यकता है, क्योंकि युद्ध के 14 साल बाद देश की बुनियादी ढांचे की हालत बहुत खराब हो चुकी है। 2017 में संयुक्त राष्ट्र ने अनुमान लगाया था कि सीरिया को पुनर्निर्माण के लिए कम से कम 250 बिलियन डॉलर की जरूरत होगी, लेकिन अब विशेषज्ञों का कहना है कि यह राशि बढ़कर 400 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकती है।

अमेरिकी विदेशी सहायता पर रोक के बाद, विशेष रूप से सीरिया के उत्तर-पश्चिम में, जहां युद्ध से विस्थापित लोग तंबू शिविरों में रहते हैं, सहायता की कमी महसूस हो रही है। इसके अलावा, सीरिया में अमेरिकी सैन्य समर्थन के भविष्य को लेकर भी अनिश्चितता है। ट्रंप ने पहले सीरिया से अमेरिकी सैनिकों की वापसी का निर्णय लिया था, और अब नए सीरियाई नेताओं के सत्ता में आने के बाद भी इस बारे में कोई स्पष्टता नहीं है।

## सीसी रोड पर जलभराव ग्रामीण परेशान

**म्याऊं।** विकास खण्ड की ग्राम पंचायत बनबौसारी में ग्रामीण जल भराव की समस्या से परेशान हैं। ग्रामीणों के अनुसार पिछले वर्ष ही विधायक निधि के द्वारा निर्माण कार्य कराया गया था। उसी सीसी रोड पर कुछ अराजक लोगों द्वारा पानी रोक दिया गया है जिससे जल भराव की समस्या बनी हुई है। जल भराव से समस्त ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। मुख्य मार्ग होने के कारण बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इसकी सूचना ग्राम प्रधान व उच्च अधिकारियों को दी है लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ है। जल भराव से गंभीर बीमारियां जन्म ले रहीं हैं। महिलाएं भी गंदे पानी से निकलने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान गंदे पानी को लेकर अंजान है।

# अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को मिल रही मोबाइल चार्जिंग की सुविधार



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**लखनऊ।** अयोध्या कैंट को पहले फैजाबाद के नाम से जाना जाता था अब इसका नाम बदल कर अयोध्या कैंट पड़ गया है।

महाकुंभ के चलते मेले को देखते उत्तर रेलवे ने यात्रियों के लिए रुकने की और मोबाइल चार्जिंग की भी सुविधा प्रदान कर रहे है जिसके चलते मेले में आने जाने वाले सभी व्यक्ति यहां रुक सकते और अपना ट्रेन पकड़ कर घर जा सकते है जहां रुकने का हाल बना हुआ है वहां पर बिजली पानी और दवाई शौचालय की भी सुविधा है ताकि यात्री को कोई भी दिक्कत परेशानी ना हो अबकी बार सरकार ने भी अच्छी व्यवस्था हर रेलवे स्टेशन पर कर रखी हैं कैमरा की भी निगरानी हो रही हैं कोई भी संधिक व्यक्ति होगा तो पता चलेगा उस पर ठोस कार्रवाई भी होगी प्रयागराज जाने वाली ट्रेन अपने समय से जा रही है अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन से जिससे यात्री अपने समय से महाकुंभ गंगा स्नान पहुंच जाए और संगम में भी दर्शन कर सकें। महाकुंभ उम आने जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष भंडारा लगा हुआ जिससे वहां कोई व्यक्ति भूखा ना रहे सबको भर पेट खाना मिल रहा है।

# ट्रंप ने अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय पर लगाया प्रतिबंध



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय पर प्रतिबंध लगाने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए।

ट्रंप प्रशासन ने इस्राइल और इस्राइली पीएम को निशाना बनाकर की गई कार्रवाई के विरोध में यह प्रतिबंध लगाया है। आदेश में कहा गया है कि हेग स्थित अदालत ने इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करके अपनी शक्ति का दुरुपयोग किया।ट्रंप द्वारा हस्ताक्षरित कार्यकारी आदेश में ये भी कहा गया है कि न्यायाधिकरण ने अमेरिका और इसके करीबी सहयोगी इस्राइल को निशाना बनाकर अवैध और निराधार कार्रवाई की है।

आदेश में आईसीसी द्वारा अफगानिस्तान में अमेरिकी सेवा सदस्यों, गाजा में इस्राइली सैनिकों द्वारा किए गए कथित अपराधों की जांच करने पर भी नाराजगी जाहिर की है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय के अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के साथ-साथ न्यायालय की जांच में मदद करने वाले लोगों की भी संपत्ति जब्त करने और यात्रा प्रतिबंध लगाने का भी आदेश दिया।

डोनाल्ड ट्रंप ने अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय पर प्रतिबंध के आदेश पर ऐसे समय हस्ताक्षर किए हैं, जब मंगलवार को ही ट्रंप ने इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से व्हाइट हाउस में मुलाकात की थी। जिसमें ट्रंप ने गाजा पर अमेरिका के नियंत्रण में लेने की इच्छा जाहिर की थी और गाजा से विस्थापित हुए लोगों को गाजा से बाहर ही बसाने का सुझाव दिया था। गौरतलब है कि न तो अमेरिका और न ही इस्राइल, आईसीसी के सदस्य हैं। आईसीसी ने बीते साल 21 नवंबर को इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू, पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट और हमास के सैन्य प्रमुख मोहम्मद दइफ को गाजा में युद्ध अपराध का दोषी ठहराते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

अपने पहले कार्यकाल के दौरान भी ट्रंप ने साल 2020 में के कई वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों पर वित्तीय प्रतिबंध और वीजा प्रतिबंध लगाया था। यह प्रतिबंध अफगानिस्तान में अमेरिकी सैनिकों के खिलाफ युद्ध अपराध की के आरोपों की जांच के विरोध में लगाया गया था। जब 2021 में बाइडन ने अमेरिकी राष्ट्रपति का पद संभाला तो उन्होंने आईसीसी पर लगे प्रतिबंधों को हटा दिया था।

## आज आयेंगे सांसद आदित्य यादव

**बदायूं।** समाजवादी पार्टी के बदायूँ लोकसभा क्षेत्र से सांसद आदित्य यादव जी कल दिनांक 15 फरवरी 2025 को अपने संसदीय क्षेत्र बदायूँ आ रहे है। इसके अन्तर्गत दिनांक 15 फरवरी 2025 को विधानसभा क्षेत्र बिल्सी में प्रातः 11 बजे नगर पंचायत कछला में पीडीए पंचायत कार्यक्रम, अपरान्ह 12.00 बजे ग्राम छतुईया में सी०सी० रोड का उद्घाटन करेगें, अपरान्ह 1.00 बजे ग्राम सबदलपुर, अपरान्ह 2 बजे ग्राम सिरासौल में आयोजित पीडीए पंचायत कार्यक्रम में सम्मिलित होगें। अपरान्ह 3 बजे मौहल्ला न०-3 बिल्सी में रियाज अंसारी को चेक सौपेगें तथा सायं 4.00 बजे बिल्सी रोड इस्लामनगर में मरहूम हाजी आशिद अली मैमोरियल 6 वां क्रिकेट टूर्नामिन्ट फाइनल में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होगें।

# युद्ध विराम समझौते पर चल रहा विवाद थमा



**यरुशलम।** गाजा पट्टी में युद्धविराम समझौते को लेकर चल रहा विवाद गुरुवार को हल होता नजर आ रहा है। दरअसल, चरमपंथी समूह हमास ने कहा कि वह समझौते के अनुसार इस्राइली बंदियों की रिहाई करेगा। हमास ने एक बयान में कहा कि मिस्र और कतर के मध्यस्थों ने आश्वासन दिया है कि वे सभी अड़चनों को हटाने के लिए काम करेंगे। हमास युद्धविराम समझौते को लागू करेगा। बयान में कहा गया है कि शनिवार को तीन और इस्राइली बंदियों को रिहा किया जाएगा।

हमास की घोषणा पर इस्राइल की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। हमास के इस कदम से युद्ध विराम समझौता फिलहाल जारी रहेगा। लेकिन भविष्य में युद्धविराम समझौता बना रहेगा, इसको लेकर अनिश्चितता है। चरमपंथी संगठन ने आरोप लगाया था कि इस्राइल ने बंधकों को रिहा करने के समझौते को सही तरीके से लागू नहीं किया है और आवश्यक सामग्री की आपूर्ति नहीं की है।

वहीं, इस्राइल और अमेरिका ने चेतावनी दी थी कि अगर बंधक बनाए गए उनके नागरिक रिहा नहीं किए जाएंगे, तो युद्धविराम समझौता खत्म हो जाएगा और युद्ध दोबारा शुरू हो जाएगा। हमास ने कहा कि उसके प्रतिनिधिमंडल ने काहिरा में मिस्र के अधिकारियों से बातचीत की और कतर के प्रधानमंत्री से भी संपर्क किया, ताकि गाजा में आश्रय, चिकित्सा आपूर्ति, ईंधन और भारी उपकरणों की आपूर्ति बढ़ा जा सके। मिस्र के सरकारी टीवी चौनल ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि मिस्र और कतर ने इस विवाद को सुलझाने में कामयाबी हासिल की है। दोनों अरब देशों ने युद्धविराम समझौते पर मध्यस्थ की भूमिका निभाई। यह युद्धविराम समझौता जनवरी 2025 में लागू हुआ था। गाजा पट्टी में चल रहे युद्धविराम समझौते को लेकर हो रहा विवाद गुरुवार को हल होता हुआ दिखाई दे रहा है।

चरमपंथी समूह हमास ने घोषणा की कि वह समझौते के अनुसार इस्राइली बंदियों को रिहा करेगा। हमास ने सात अक्तूबर 2023 को इस्राइल के विभिन्न हिस्सों पर हमले किए थे। इन हमलों में करीब 1,200 इस्राइली नागरिक मारे गए थे और ढाई सौ से ज्यादा लोगों को बंधक बना लिया गया था। इसके बाद इस्राइली ने युद्ध का एलान किया और जवाबी हमले शुरू किए। युद्ध शुरू होने के बाद गाजा पट्टी में 45 हजार से ज्यादा फ्लस्तीनी मारे जा चुके हैं। हमास और इस्राइल के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से दो बार युद्धविराम समझौते हुए हैं।

## स्वीडन स्कूल हमले में 11 लोगों की मौत

**स्वीडन।** देश के ओरेब्रो शहर में एक स्कूल पर हुई गोलीबारी की वारदात में 11 लोगों की मौत हो गई है। स्वीडिश पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। हालांकि पुलिस को अभी यह पता नहीं चल पाया है कि गोलीबारी में कितने लोग घायल हुए हैं। स्थानीय पुलिस प्रमुख रॉबर्टो एड फोरेस्ट ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि जांचकर्ता गोलीबारी के बारे में और जानकारियां जुटा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि गोलीबारी स्कूल के अंदर हुई या क्या और भी हमलावर इसमें शामिल थे। घटनास्थल से सामने आए वीडियो में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी और अन्य आपात कालीन वाहन देख जा सकते हैं। इसके अलावा छात्रों को पास की इमारतों में शरण लेते हुए भी देखा गया। गोलीबारी के बाद स्कूल के अन्य हिस्सों को खाली करा दिया गया।

# ट्रंप ने पुतिन-जेलेंस्की से फोन पर की लंबी बात



**वाशिंगटन।** इस्साइल हमास के बीच युद्धविराम कराने के बाद अब ट्रंप का ध्यान रूस और यूक्रेन युद्ध खत्म कराने पर है। इस बाबत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से फोन पर लंबी बातचीत की। वार्ता के बाद ट्रंप ने कहा कि युद्ध खत्म करने के लिए वार्ता तत्काल शुरू करने पर सहमति बनी है। व्हाइट हाउस ने भी इस बारे में बयान जारी किया है।

ट्रंप ने बुधवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि पुतिन से करीब डेढ़ घंटे तक बातचीत हुई। वे यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के लिए बातचीत पर सहमत हो गए हैं। उम्मीद है कि जल्द ही यूक्रेन युद्ध भी समाप्त होगा। वहीं, जेलेंस्की ने कहा कि ट्रंप के साथ शांति, सुरक्षा पर बात हुई। ट्रंप ने पुतिन के साथ हुई बातचीत का जिक्र करते हुए कहा, हमने तय किया है कि दोनों देश आपसी हितों को ध्यान में रखते हुए मिलकर काम करेंगे।

पुतिन के साथ बातचीत को सार्थक बताते हुए ट्रंप ने कहा कि उन्होंने विदेश मंत्री मार्को रुबियो, सीआईए के निदेशक जॉन रैटक्लिफ, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइकल वाल्ट्ज और विशेष दूत स्टीव विटकॉफ से वार्ता का नेतृत्व करने के लिए कहा है। वार्ता के दौरान पुतिन ने ट्रंप को रूस आने के लिए आमंत्रित भी किया। गौरतलब है कि अमेरिका व रूस के बीच यह नरमी हाल में कैदियों की अदला-बदली के बाद आई है। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ शांति, सुरक्षा और आर्थिक सहयोग पर वार्ता हुई।

# वैज्ञानिक प्रोजेक्ट के माध्यम से अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया



**बदायूं।** ब्लूमिंगडेल स्कूल परिसर में स्टेम एक्जीविशन एवं कक्षा 9 व 11 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। स्टेम एक्जीविशन के तहत जूनियर कक्षा के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक प्रोजेक्ट के माध्यम से अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। इतना ही नहीं स्कैम प्रदर्शनी के माध्यम से कम्प्यूटर जगत के प्रति अपने रूझान को प्रदर्शित किया। इसके अतिरिक्त कक्षा 9 व 11 के छात्रों में अपने परीक्षा परिणाम को जानने की उत्सुकता भी चरम पर थी। परीक्षा परिणाम जानने के पश्चात विद्यार्थियों की खुशी देखते ही बन रही थी। विद्यार्थियों ने अपने अथक प्रयास एवं लगन से सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन कर उच्चतम अंक प्राप्त किए। जिसमें कक्षा 9 के दर्श प्रकाश, शुभ रस्तोगी, आदित्य, यशिफा, एकांश, अनिका, तान्या, आदित्य राय सिंह, शिवांश चौधरी, आदित्य सिंह, सताक्षी, देव रस्तोगी, समर्थ गुप्ता, प्रांजल वार्ष्णेय, अवनि राठौर, नूरिश फातिमा, नबिया खान, अर्थव तिवारी, अवन्तिका पाराशरी, एंजिल मेहरा एवं 11 के समृद्ध गुप्ता, रिद्धी पाठक, साइशा धींगडा, मरियम मुईन, नायसा, कृष्णांश, ख्याति, सिमर, नैतिक, सूफ्यिान, साधना , लवीना, धरा, शौर्य , ओम, नित्या, तन्मय दुआ, अभिषेक, लक्ष्य माहेश्वरी , देवांश, अनुष्का, लावण्या, राजश्री, ऋषिराज, सिदरा, बुशरा आदि ने सर्वोच्च अंक प्राप्त किए। सभी सफल विद्यार्थियों को स्कूल अध्यक्षा पम्मी मेंहदीरत्ता ने आशीर्वचन देते हुए शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्चल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की परीक्षाओं आदि से बच्चों में अपने भविष्य को संवारने की प्रेरणा मिलती है ताकि वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। स्कूल निदेशक ज्योति मेंहदीरत्ता, मैनेजिंग हेड ईशान मेंहदीरत्ता व श्वेता मेंहदीरत्ता, प्रधानाचार्य संजीव सिंह राठौर एकेडमिक हेड़ सौरभ गांगुली, कॉर्डिनेटर अंजला सोनी एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्तीर्ण छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को दी श्रद्धांजलि



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बिसौली।** तहसील क्षेत्र के गांव फिरोजपुर में ग्राम समाज पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में पुलवामा हमले में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। शहीद हुए वीर जवानों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सपा जिला सचिव आकाश मिश्रा ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा हमारे वीर जवानों ने देश की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया इस हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। लेकिन इससे हमारी एकता और देशभक्ति और मजबूत हुई। हमें शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए। इधर विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए, जिसमें मुख्यत शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देशभक्ति गीतों से समा बांध दिया, तथा नाटक और सुन्दर झाकियों का प्रदर्शन किया। मंच का संचालन विकास उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर विद्यालय समिति के अध्यक्ष अम्बरीष उपाध्याय, कोषाध्यक्ष श्याम मोहन उपाध्याय, सलिल मिश्रा, रिंकू मिश्रा, राजेश पाठक, राघव शंखधार, रूपकिशोर शर्मा, राकेश शंखधार सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

## राजस्व संग्रह मण्डलीय बैठक 22 फरवरी को

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** मण्डलायुक्त संगीता सिंह की अध्यक्षता में विकास कार्यो कानून व्यवस्था एवं राजस्व संग्रह की मण्डलीय बैठक 22 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से कमिश्नरी सभागार में आयोजित की जायेगी। अपर आयुक्त ने उक्त जानकारी देते हुए सभी मण्डलीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह अद्यतन प्रगति रिपोर्ट सहित निर्धारित समय व स्थान पर बैठक में स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। वहीं इस बैठक को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

# अमेरिकी राष्ट्रपति ने फिर उठाया टैरिफका मुद्दा



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर टैरिफ का मुद्दा उठाया। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा कि तीन बेहतरीन सप्ताह, शायद अब तक के सबसे अच्छे, लेकिन आज का दिन बहुत बड़ा हैरू पारस्परिक टैरिफ अमेरिका को फिर से महान बनाओ। पीएम मोदी से मुलाकात से पहले ट्रंप का यह पोस्ट टैरिफ को लेकर कई संभावनाएं जता रहा है।

वह जल्द ही पारस्परिक टैरिफ का एलान करने के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि उनकी पारस्परिक टैरिफ प्रणाली व्यापार करने का एकमात्र उचित तरीका है। व्हाइट हाउस ने बुधवार को कहा था कि पारस्परिक टैरिफयोजना की घोषणा पीएम मोदी के साथ बैठक से पहले की जा सकती है।

यदि ऐसा होता है तो इसे टैरिफ पर अमेरिका की स्थिति के बारे में संदेश देने के रूप में देखा जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को अन्य देशों पर पारस्परिक शुल्क लगाने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि वह एक दिन के भीतर उनके लिए एक आदेश पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। यह एक ऐसा कदम है जो व्यापार युद्ध में नए मोर्चे खोल सकता है। विश्लेषकों का मानना है कि पारस्परिक शुल्क में अमेरिकी आयात पर टैरिफ दरों में वृद्धि शामिल है, जो निर्यातक देशों द्वारा अमेरिकी उत्पादों पर लगाए जाने वाले शुल्क से मेल खाती है। बुधवार को ओवल ऑफिस में बोलते हुए ट्रंप ने कहा कि वह दिन के अंत में या गुरुवार की सुबह पारस्परिक शुल्क के लिए एक आदेश पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी अमेरिका के दौरे पर हैं।

यहां वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच व्यापार और टैरिफ, निवेश और टेक्नोलॉजी, रक्षा और ऊर्जा, आव्रजन मुद्दे और अंतरराष्ट्रीय मुद्दे पर चर्चा होगी। यह पीएम मोदी की अमेरिका की 10वीं यात्रा है और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनकी कुल चौथी मुलाकात होगी।


स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक: अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेल: amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2021/82941

# सांसद ने दुपहिया वाहन चालकों को वितरित किए हेलमेट

## ▶▶नगीना लोकसभा सांसद चन्द्रशेखर आजाद का नहटौर पहुचने पर आसपा जिलाध्यक्ष युवा मौहम्मद आरिफ कुरैशी ने किया भव्य स्वागत







**अमर भास्कर ब्यूरो**

**नहटौर।** आजाद समाज पार्टी काशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना लोकसभा क्षेत्र से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने नहटौर पहुँचकर हल्दौर चौराहे पर यातायात जागरूकता के उद्देश्य से दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरण किये गए।

शुक्रवार को नगर के हल्दौर चौराहे पर पहुचने पर धामपुर विधानसभा क्षेत्र से वरिष्ठ कार्यकर्ता विवेक सेन, आजाद समाज पार्टी काशीराम युवा के जनपद बिजनौर जिला अध्यक्ष मौहम्मद आरिफ कुरैशी, मौलाना अतीक, सत्येंद्र कुमार जिला अध्यक्ष, आलोक भारती, तरनवीर सिंह, सलीम अंसारी, मौहम्मद गुलफाम, शाकिर प्रधान आदि ने अपने नेता चंद्रशेखर आजाद का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। आजाद समाज पार्टी काशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना लोकसभा क्षेत्र से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि लोगों को अपनी जान बचाने व अपने परिवार के संग अपनी मौजूदगी रखने के लिए दुपहिया वाहन पर हेलमेट आवश्यक लगाना चाहिए । देखने में आया है कि यदि दुर्घटना के समय दोपहिया



वाहन चालकों द्वारा हेलमेट लगाया हुआ होता है तो चालकों की दुर्घटना होने की बावजूद भी जनहानि होने से बच जाती है जबकि इसकी विपरीत दोपहिया वाहन चालक हेलमेट पहने नहीं होते तब दुर्घटना में अधिकतर दुपहिया वाहन चालकों की जान चली जाती है। जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। आजाद समाज पार्टी काशीराम युवा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ कुरैशी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को यातायात संबंधी नियमों की जानकारी के साथ ही उनकी जान बचाने के लिए 100 हेलमेट दिए गए हैं जिससे दुपहिया वाहन चालक सुरक्षित यात्रा के साथ ही अपने परिवार तक पहुंच पाए। कार्यक्रम में आजाद समाज पार्टी काशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना लोकसभा क्षेत्र से सांसद चंद्रशेखर आजाद, सतेंदर कुमार जिलाध्यक्ष असपा, आरिफ कुरैशी जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा, मौलाना अतीक, विवेक सैन, आलोक भारती, तरणवीर सिंह, सलीम अहमद, शाकिर प्रधान, अतीक प्रधान, सलीम अंसारी, गुलफाम हसन, जीशान अंसारी, जावेद कुरेशी आदि मौजूद मुख्य रूप से मौजूद रहे।



# चीनी मिल स्योहारा तैयार करवा रही है गन्ने की 1 करोड़ पौध, जिला गन्ना अधिकारी ने किया अवलोकन

**गन्ने की ट्रेंच विधि से बुवाई करें गन्ना किसानः अधिशासी अध्यक्ष चौ.सुखवीर सिंह**

**अमर भास्कर ब्यूरो**

**स्योहारा।** स्योहारा चीनी मिल द्वारा इस वर्ष 1 करोड़ गन्ने की पौध की, को 15023 व को 118 प्रजातियों की तैयार करवा रही है। जिसका अवलोकन शुक्रवार को जिल गन्ना अधिकारी प्रभु नारायण सिंह द्वारा किया गया। जिला गन्ना अधिकारी ने किसानो से अनुरोध किया कि किसान भाई को 238 की बुवाई हरगिज न करें। इसके स्थान पर स्वीकृत गन्ना प्रजातियों की ही बुवाई करें।

बुवाई से पहले 4 किग्रा ट्राईकोडेर्मा अवश्य डाले।ट्राईकोडेर्मा मिल द्वारा 60त्न छूट पर उपलब्ध कराया जा रहा है मिल के





अधिशासी अध्यक्ष सुखवीर सिंह ने किसान भाइयो से ट्रेंच विधि से गन्ना बुवाई करने की अपील भी की। ट्रेंच विधि द्वारा गूल निकालने हेतु ट्रेंच मिल द्वारा उपलब्ध करवाए जा रहे है। मिल द्वारा 25 प्रतिशत छूट पर ट्रेंच व पेड़ी प्रबंधन यँत्र उपलब्ध भी करवाए जा रहे है। इसके अतिरिक्त मिल द्वारा 15023 की बुवाई पर 2 कट्ठे बायोपोटाश व 118 की बुवाई पर एक कट्ठा बायोपोटाश फ्री दिया जा रहा है, इन दोनों प्रजातियों का बीज मिल द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है, अतः किसान भाई बीज प्राप्त करने हेतु मिल सुपरवाइजर से संपर्क करें एवम मिल गेट पर गर्म पानी द्वारा बीज शोधन किया जा रहा है। किसान भाई बीज का उपचार कर ही गन्ने की बुवाई करें। इस मौके पर ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक वीरेंदर नाथ, विशेष सचिव गन्ना समिति स्योहारा प्रदीप शर्मा एवम उपाध्यक्ष गन्ना अरविन्द सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पीडीए कार्यक्रम के जरिए शमशाद रशीद ने की सर्वसमाज से समाजवादी पार्टी से जुड़ने की अपील

**अमर भास्कर ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगीना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोटरा सिहालीपुर गात्ड़ी में सपा चली जनता के द्वारा कार्यक्रम के अंतर्गत दौरा किया ग्राम कोटरा में बख्तावर जी के निवास स्थान पर सभा को संबोधित करते हुए शमशाद रशीद ने कहा बाबा भीमराव अंबेडकर सिर्फ दलितों के ही नेता नहीं थे वह सब के थे होने की वजह से आज हम चैन की सांस ले रहे हैं शमशाद रशीद लोग लोगों की समस्याएं सुनी और उनका समाधान करने का आश्वासन दिया। पीडीए पर भी चर्चा की और आने वाले 2027 में समाजवादी पार्टी को जीतकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने की अपील की।

**2027 के चुनाव में जीत रही है सपा, सीएम बन रहे हैं अखिलेश यादवः शमशाद रशीद**



बैठक की अध्यक्षता किशोरी सिंह ने की वह संचालन पप्पू ने किया गांव वालों से सपा से जोड़ने की अपील की। बैठक में रंजीत प्यार हरि सिंह राम सिंह शकील दिलशाद हाफिज रईस अमन सिंह आभा बाबा दलजीत सिंह बनारसी दास हरपाल सिंह रही सिंह तिलकराम बनारसी दास सरवर भाई. बहुत से लोग उपस्थित रहे।

# इंसान बना शैतान मंदिर में हुई चोरी



**अमर भास्कर ब्यूरो**

**झालू।** सरस्वती विद्या केंद्र स्कूल से सटे ठाकुरद्वारा शिव मंदिर पर हजारों रुपए की चोरी हो गई। चोरी करके चोर मौके से फरार हो गए। इससे पूर्व मे भी दिनदहाड़े 9 नवंबर 2024 को दो मंदिरों पर भी चोरी हुई थी।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार के दिन कस्बा झालू में सरस्वती विद्या केंद्र स्कूल से सटे ठाकुरद्वारा शिव मंदिर पर चोरो ने मंदिर का दानपात्र का ताला तोड़कर उसमे रखी नकदी चुरा ली और मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना पुजारी के आने के बाद पता लगी। मंदिर के पंडित सुरेश शर्मा ने बताया कि वह हल्दौर अपने किसी काम से गए हुए थे और उनकी पत्नी घेर मे थी, तभी लगभग 12:30 से 2 बजे के बीच मे चोरों ने मंदिर के दानपात्र का ताला तोड़कर उसमे रखी नकदी चुरा कर ले गए। जब वह हल्दौर से झालू आए और उन्होंने मंदिर में अंदर जाकर देखा कि दानपात्र का ताला टूटा हुआ है और उसमें रखी नगदी भी नहीं है, उन्होंने चोरी की सूचना तुरंत सभी को बताई तथा झालू पुलिस चौकी पहुंचे और मंदिर मे चोरी होने की सूचना दी। हेड कांस्टेबल शक्ति पंवार व सोनू कुमार मौके पर पहुंचे और जायजा लिया।

झालू चौकी इंचार्ज सुभाष राणा ने बताया कि एक महिला बुजुर्ग व अन्य व्यक्ति मे मंदिर के अध्यक्ष पद को लेकर काफी समय से आपस मे विवाद चल रहा है और ये लोग एक-दूसरे पर चोरी का इल्जाम लगाते रहते है। बताया कि हमने मंदिर वालों से बता रखा है कि जब तुम्हारे यहा चोरी हो जाती है, तो तुमने बाहर का गेट क्यों नहीं लगाया। बाकी वीडियो रिकॉर्डिंग देखी जाएगी।

# हाजी मौहम्मद अली अंसारी मेमोरियल ऑल इंडिया वॉलीबॉल टूर्नामेंट का समापन

**▶▶खेलों से बढ़ता है अनुशासन और भाईचाराः रामअवतार सैनी विधायक ▶▶टूर्नामेंट में फाइनल मैच संभल और एम रहमान के बीच हुआ ▶▶एम रहमान ने ट्रॉफी जीत कर अपने नगर और कॉलेज का नाम किया रोशन**

**अमर भास्कर ब्यूरो**

**स्योहारा/सहसपुर।** सहसपुर पब्लिक इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय चले वॉलीबॉल टूर्नामेंट खेला जा रहा था, वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शानदार समापन हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फ्रेंड वॉलीबॉल क्लब सहसपुर की ओर से सहसपुर नगर के पब्लिक इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय हाजी मोहम्मद अली अंसारी मैमोरियल ऑल इंडिया वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा था जिसमें बीती रात 9 बजे वॉलीबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच संभल और एम रहमान कॉलेज की टीमो के बीच हुआ जिसमें रोमांचकारी मुकाबला हुआ। बेस्ट ऑफ़ फाइव में तीन सेट मारे जिसमें एम रहमान कॉलेज की टीम विजयी हुई। टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में नूरपुर विधानसभा के विधायक राम अवतार सैनी व सेठ हबीब उर रहमान (सदर मदरसा मा. आरिफ़ उल उलूम), हाफिज नाजिम अली अंसारी, इंजीनियर अब्दुल समी अंसारी, संयोजक अमजद अली अंसारी, अध्यक्ष काजी इकबाल अहमद, प्रबंधक शेख हसीब की मौजूदगी में वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शानदार समापन हुआ। जिसमें विजय टीम को ट्रॉफी पुरस्कार दिया गया। यह टूर्नामेंट फ्रेंड्स क्लब के संयोजक, वरिष्ठ समाजसेवी हाजी अमजद अली अंसारी, एम रहमान इंटर कॉलेज के प्रबंधक व समाजसेवी सलीम अख्तर, पूर्व सभासद समाजसेवी हसीब अहमद, काजी इकबाल, शाहिद अन्य पदाधिकारियों की देख रेख में दिया गया। नगर पंचायत चेयरपर्सन पति अमजद अली अंसारी ने हमारा खेलों को बढ़ावा देने का मकसद है कि हम अपने नगर की और क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन दे और वह अपनी प्रतिभा को और निखारे ताकि खिलाड़ी प्रदेश विदेश स्तर पर अपना प्रदर्शन कर अपने नगर में देश का नाम रोशन करे। मुख्य अतिथि नूरपुर क्षेत्र विधायक रामावतार सैनी ने कहा खेलों से अनुशासन और भाईचारा बढ़ता है और जीवन जीने की शैली में भी बहुत बड़ा बदलाव आता है प्रत्येक खिलाड़ी और युवा का शरीर और मस्तिष्क भी स्वस्थ रहता है। टूर्नामेंट में खेल आयोजन की ओर से नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट में आसिफ कुरेशी और अजीम परवाना कॉमेंटेटर रहे। इस अवसर पर आफताब आलम प्रबंधक हम गर्ल्स इंटर कॉलेज जाफिरुद्दीन उर्फ अजमी सभासद, मुईद अहमद सभासद, शाईक चौधरी, शाहिद अली सलमानी, सलमान अली वरिष्ठ लिपि रिजवान अली शाहबाज अहमद आदि सहित सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित रहे।



# रविदास जयंती के अवसर पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा



**अमर भास्कर ब्यूरो**

**नजीबाबाद।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम राहतपुर खुर्द में रविदास धर्मशाला से रविदास जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि के रूप में आए मनमोहन सिंह दुदपड़ी, सांसद प्रतिनिधि फहीम अंसारी एवं भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष प्रशांत महासागर और ग्राम प्रधान मौहम्मद मुस्तफा ने शोभायात्रा का फीता काटकर शुभारंभ किया। वक्ताओं ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज ने समाज से जात-पात, ऊंच-नीच को मिटाने का संदेश दिया था। संत शिरोमणि गुरु रविदास महान संत, समाज सुधारक, साधक रहे।

रविदास जी ने जीवन पर्यन्त छुआछूत जैसी कुरीतियों का विरोध करते हुए समाज में फैली तमाम बुराइयों के खिलाफ पुरजोर आवाज उठाई और उन कुरीतियों के खिलाफ निरन्तर कार्य किए। इस मौके पर रविदास कमेटी अध्यक्ष लेखराज सिंह, हुकम सिंह, महावीर सिंह, सौरभ कुमार, सुमित कुमार, लवकुश, पुष्पेन्द, मोहित, मोनू, प्रदीप, ताजेन्द, अमर, अभिषेक, नरेंद्र कुमार, बहादुर सिंह, अमित कुमार, अनिल कुमार, छोटू, रवि, विकुल, टिंकू, सचिन कुमार, वेदप्रकाश, राजे पुजारी एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# अपना दल एस जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में मनाई गई संतराम प्रजापति बीए की जन्म जयंती



**अमर भास्कर ब्यूरो**

**बिजनौर/नजीबाबाद।** अपना दल एस बिजनौर के कैंप कार्यालय में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनूप वाल्मिकी के नेतृत्व और सूर्यप्रताप के संचालन शैलेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में संतराम प्रजापती की जन्म जयंती मनाई गई।

आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने कहा कि फरवरी,1887 को संतराम जयंती बीए को जब याद करते हैं तब हमारे सामने एक ऐसे व्यक्ति की शख्सियत उभरती है जो जितनी सज्जनता से अपनी सामाजिक गतिविधियों मे आगे बढ़चढ़कर हिस्सा लेता था उससे अधिक तीखी निगाह से अपने साथियों और समकालीनों के विचारों और व्यवहारों को देखता, उनका विश्लेषण करता और फिर अपनी स्पष्ट सहमति अथवा असहमति बनाता था। संतराम जी भारतीय सामाजिक इतिहास के ऐसे नायक हैं, जिनका मूल्यांकन किसी लहर के कारण नहीं हुआ, बल्कि जैसे-जैसे दलितों और पिछड़ों ने अपने इतिहास पुरुषों की खोज शुरू की और जातिविहीन तथा समतामूलक समाज की परियोजना की मजबूत वैचारिक परंपरा की खोज शुरू हुई, वैसे-वैसे संतराम बीए हमारे बौद्धिक संसार के अपरिहार्य अंग बनते गए। यह साहित्य तथा इतिहास की जातिवादी दृष्टि और सामाजिक दुर्भावनाओं के विरुद्ध बहुजन समाजों के विद्रोह की एक अनिवार्य परिणति और मंजिल है।

संतराम जी चाहते थे कि वर्णव्यवस्था और जात-पात का विनाश हो जबकि आर्य समाज मे अनेक लोग ऐसे थे जो वर्णव्यवस्था और जात-पात की वकालत करते थे। इन तमाम सारे विरोधाभासों में संतराम जी को बहुत आहत किया। उनकी बेचैनी और बढ़ गई। वे चाहते थे कि आर्य समाज जात-पात के विरुद्ध एक निर्णायक जंग छेड़े। 1922 में जात-पात तोड़क मंडल की स्थापना हुई। उस समय के कद्दावर आर्य समाजी परमानंद उसके अध्यक्ष बनाए गए और संतराम बीए मंत्री बने। जिन लोगों के व्यक्तित्व और कृतित्व की रोशनी से सामाजिक न्याय जिंदा और आलोकित हो रहा है उनमें संतराम बीए कभी न भुलाए जाने वाले व्यक्तित्व हैं। बैठक में उपस्थित लोगों ने पुष्प अर्पित किए दीपक जाटव अंकुर जी यतंद्र शर्मा वकील अहमद टीकम सिंह राजीव अनुकूल शर्मा सूर्या प्रताप पवन अयूब जी आदि लोग मौजूद रहे।

# आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने केंद्र व राज्य सरकार से की पालिका क्षेत्र में आधार कार्ड केंद्रों की संख्या बढ़ाने की मांग




**अमर भास्कर ब्यूरो**

**नजीबाबाद।** नगर पालिका क्षेत्र में आधार कार्ड के केंद्रों की संख्या बढ़ाएं जाने की मांग केंद्र और राज्य सरकार से की गई है।

आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने आधार कार्ड से संबंधित, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा राज्य सरकार को भेजी एक शिकायत में अवगत कराया है कि नगर पालिका परिषद नजीबाबाद में मात्र मुख्य डाकघर में ही आम जन मानस के आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं जिस कारण नगर पालिका क्षेत्र में एक ही आधार केंद्र होने पर वहां पर बड़ी संख्या में भीड़ रहती है इससे जहां कर्मचारियों को परेशानी आती है वहीं महिलाओं, बुजुर्गों ,बच्चों विकलांगो को काफी परेशान होना पड़ता है नगर की जनसंख्या को देखते हुए आधार कार्ड के केंद्रों को बढ़ाया जाना जनहित में अति आवश्यक है शिकायत में बताया गया है कि बैंकों में भी आधार कार्ड बनाए जाने या उन्हें संशोधित किए जाने के आदेश हैं परंतु सरकारी आदेश का कोई पालन नहीं हो रहा और किसी भी बैंक में आधार कार्ड नहीं बनाई जा रहे हैं ना ही ठीक किए जा रहे हैं जिसकी जांच जनहित में बेहद जरूरी है ताकि बंद आधार केंद्रों की रिपोर्ट संबंधित मंत्रालय या विभाग को जा सके।